दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली।।शुक्रवार 03 मई -2024 | वर्ष : 8 अंक : 203 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3







## बृजभूषण शरण सिंह का बीजेपी ने टिकट काटा



### ...उनके बेटे करण भूषण सिंह को मिला कैसरगंज से टिकट

**कैसरगंज।** यूपी की कैसरगंज लोकसभा सीट सुर्खियों में है। यहां से बीजेपी ने अपने मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर उनके बेटे करण भूषण सिंह को मैदान में उतारा है। दरअसल, करण भूषण सिंह बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के छोटे बेटे हैं। 13 दिसंबर 1990 को जन्में करण भूषण के एक बेटी और एक बेटा है। वह डबल ट्रैप शूटिंग के नेशनल खिलाड़ी रह चुके हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, करण भूषण ने डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से बीबीए व एलएलबी की डिग्री हासिल की है। साथ ही ऑस्ट्रेलिया से बिजनेस मैनेजमेंट का डिप्लोमा भी किया है। वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं। साथ ही सहकारी ग्राम विकास बैंक (नवाबगंज, गोण्डा) के अध्यक्ष भी हैं। यह उनका पहला चुनाव है।

# पश्चिमी यूपी में जोर लगाने के बाद भाजपा की नजरें अब अवध की सीटों पर टिकीं

## लखनऊ में गृहमंत्री की बड़ी बैठक, सीएम योगी के साथ दोनों डिप्टी सीएम भी पहुंचे

**नई दिल्ली।** पश्चिमी यूपी में जोर लगाने के बाद भाजपा की नजरें अब अवध की सीटों पर टिक गई हैं। पांचवे चरण होने वाली वोटिंग से पहले गृहमंत्री अमित शाह ने लखनऊ में बड़ी बैठक करेंगे। लखनऊ के होटल में होने वाली इस बैठक में गृहमंत्री अमित शाह अवध की सीटों पर मंत्रणा कर सकते हैं। इस मीटिंग में शामिल होने के लिए सीएम योगी के अलावा दोनों डिप्टी सीएम और संगठन के बड़े नेता भी मौजूद हैं। बरेली और बदायूं में जनसभा के बाद गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार की शाम लखनऊ पहुंचे हैं। गृहमंत्री यहां से सीधे लखनऊ के एक होटल के लिए रवाना जहां वह भाजपा कार्यकताओं के साथ मीटिंग करेंगे।




पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमित शाह पांचवें चरण की सीटों को लेकर लखनऊ में संगठनात्मक बैठक करेंगे। इसमें सीएम योगी आदित्यनाथ और दोनों डिप्टी सीएम, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह के अलावा अवध, कानपुर और काशी क्षेत्र की लोकसभा चुनाव से जुड़ी कोर टीम मौजूद रहेगी।

मीटिंग में अमित शाह पांचवे चरण में होने वाली अवध और बुंदेलखंड की 14 सीटों की तैयारियां की समीक्षा करेंगे। इनमें लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज, गोंडा को जिताने के लिए खास फोकस रहेगा।

## चुनाव के पांचवें चरण में 14 सीटों पर होगा मतदान




पांचवे चरण में होने वाली 14 सीटों के लिए 26 अप्रैल से नामांकन जारी हैं जो तीन मई तक चलेंगे। शुक्रवार को नामांकन का आखिरी दिन है। अवध और बुन्देलखंड की इन 14 सीटों में मोहनलालगंज (सु.), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन सु., झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी सु., बाराबंकी सु., फैजाबाद, केसरगंज और गोण्डा शामिल हैं। पांचवें चरण की इन 14 सीटों में से कई सीटें बहुत प्रतिष्ठा वाली सीटें मानी जाती हैं। इनमें लखनऊ सीट से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एक बार फिर भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं तो लखनऊ के ग्रामीण इलाके की सीट मोहनलालगंज सु.सीट पर केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर को भाजपा ने फिर प्रत्याशी बनाया है। अमेठी सीट पर पिछले चुनाव में कांग्रेस के राहुल गांधी को हराने वाली केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी फिर भाजपा प्रत्याशी हैं। विपक्ष के इण्डिया गठबंधन से अभी तक अमेठी व रायबरेली जैसी प्रतिष्ठित सीट पर अभी सस्पेंस बना हुआ है। जालौन सु.सीट पर मौजूदा केन्द्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा को भाजपा ने फिर उम्मीदवार बनाया है। इसी तरफ फैजाबाद सीट पर वर्तमान सांसद लल्लू सिंह, गोण्डा सीट पर मौजूदा सांसद कीर्तवर्धन सिंह, हमीरपुर सीट पर कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, झांसी सीट पर अनुराग शर्मा, फतेहपुर सीट पर साध्वी निरंजन ज्योति, कौशाम्बी सीट पर विनोद सोनकर एक बार फिर भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के नतीजों पर नजर डालें तो इन 13 सीटों में से सिर्फ रायबरेली सीट पर कांग्रेस की सोनिया गांधी चुनाव जीती थीं बाकी 13 सीटों पर भाजपा उम्मीदवार विजयी हुए थे।

# ईवीएम की हिफाजत में हो गई अनाज मंडी के कारोबारियों की फजीहत

**दुकानों में लग गये हैं ताले और खुली धूप में बैठकर कारोबार कर रहे हैं अनाज मंडी वाले**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वैसे तो ये समस्या गोविन्दपुरम अनाज मंडी के कारोबारियों को हर चुनाव में आती है। चुनाव नगर निगम के हैं चुनाव विधानसभा के हैं, चुनाव लोकसभा के हैं कारोबार पर बंदिश उनके लग जाती है। दरअसल निर्वाचन विभाग मतदान के बाद ईवीएम स्ट्रांग रूम के लिए अनाज मंडी की दुकानों का अधिग्रहण करता है और ये अधिग्रहण अनाजमंडी के कारोबार पर ग्रहण लगा देता है। कारोबारी अपनी इस समस्या को लेकर ज्ञापन दे चुके हैं, आवाज उठा चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अब मतगणना तक ईवीएम की हिफाजत करनी है और अनाज मंडी की दुकानों में ईवीएम स्ट्रांग रूम बनाया गया है। हिफाजत ईवीएम की हो रही है और फजीहत अनाज मंडी के कारोबारियों की हो रही है। अनाज मंत्री की 67 दुकानों का अधिग्रहण हुआ है इन्हें स्ट्रांग रूम बनाया गया है। मंडी में स्थान कम है और नतीजा ये है कि गर्मी के मौसम में सभी को खुले में बैठना पड़ रहा है। व्यापारी नाराज हैं और उनका कहना है कि गेहूं मंडी में आ रहा है और दुकान पर ताला लगा है ऐसे में अनाज खुले में रखना पड़ रहा है। हमारे व्यापार पर संकट आ गया है।







### हज हाऊस पड़ा है खाली वहां भी तो बन सकता था स्ट्रांग रूम : सुधीर गोयल मोनू

करंट क्राइम। फूड ग्रेन एसोसिएशन गोविन्दपुरम अनाजमंत्री के महामंत्री सुधीर गोयल मोनू अधिग्रहण के विरोध में अपनी



आवाज हर जगह उठा चुके हैं। वो कई महीने पहले से ज्ञापन दे रहे थे। उनका कहना है कि जहां कारोबार चल रहा है वहां जबरन अधिग्रहण की क्या जरूरत। हज हाऊस खाली पड़ा है उसका भी तो अधिग्रहण हो सकता था। मतगणना संबंधी कार्य वहां हो सकता है। किसानों और अनाज कारोबारियों को कितनी परेशानी हो रही है।






### व्यापारियों की अदालत से मांग, मिले मुआवजा

करंट क्राइम। हर बार के अधिग्रहण से व्यापारी नाराज हैं और उनका कहना है कि अब वो आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। हमारी दुकान पर ताला है और हम धूप में बैठकर कारोबार कर रहे हैं। इस बार 39 दिन दुकानें बंद रहनी हैं और इसके लिए मुआवजे की मांग होगी। वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद 13 व्यापारियों ने हाइकोर्ट में याचिका लगाकर प्रशासन से 28 लाख रुपए मुआवजा मांगा। व्यापारियों ने कहा कि हम इस बार भी मतगणना के बाद प्रशासन से मुआवजे की मांग करेंगे। डेढ महीने तक हमारे कारोबार को बंद कर दिया गया है। गेहूं का सीजन चल रहा है और हम परेशानी का सामना कर रहे हैं। खुले में अनाज पड़ा है।

# धमकी भरे ईमेल भेजने के मामले में लिंक रोड पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

### पुलिस कर रही है पूरे मामले की जांच

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को गाजियाबाद के तीन अलग-अलग स्कूलों में ई-मेल से धमकी मिली थी कि स्कूल में बम रखा है। इसको लेकर परिजनों में काफी अफरा-तफरी रही थी और परिजन स्कूल पहुंच गए थे। धमकी मिलने के बाद पुलिस फोर्स, डॉग स्क्वायड और बम स्क्वायड भी स्कूल पहुंचा और सघन तलाशी ली। अब इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि बुधवार में ट्रांस हिंडन क्षेत्र के तीन स्कूलों में अलग-अलग समय पर

**फॉलोअप**




मेल के जरिए धमकी दी गई थी की स्कूल में बम प्लांट किया गया है।

इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है ।यड ने ली तलाशी, डीसीपी बोले- मेल के जरिए धमकी दी गई थी। थाना शालीमार गार्डन के दिल्ली कान्वेंट स्कूल की प्रिंसिपल अभिलाषा शर्मा के मुताबिक सुबह 6:43 पर स्कूल को मेल आया था। जिसमें बताया गया था कि स्कूल में बम है और अन्य प्रकार की धमकी भी दी गई थी। जिसको लेकर थाना शालीमार गार्डन में आईपीसी की धारा 507 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2008 की धारा 66 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### प्रिंसिपल ने दर्ज कराया मुकदमा

थाना लिंक रोड के स्कूल डीएवी सेन्टेनरी चंदन नगर में भी इसी प्रकार की मेल आई थी। स्कूल की प्रिंसिपल नंदा भट्ट की तरफ से भी थाना लिंक रोड में उपरोक्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## प्रॉपर्टी विवाद में भाई ने की भाई की हत्या, पुलिस पूछताछ में जुटी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नंदग्राम थानाक्षेत्र अंतर्गत आने वाले हिंडन विहार में घर के बाहर दूध निकालते समय हाजी मूसा के भाई ने चाकू मारकर उसपर हमला कर दिया। हमले के बाद हाजी मूसा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे अमृत घोषित कर दिया। मूसा पर हमले की सूचना मिलते ही पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह का कहना है कि पूरे मामले में आरोपी भूसा के भाई को हिरासत में लेकर पुलिस उससे पूछताछ करेगी। शुरूआती जांच में हत्या के पीछे का कारण प्रॉपर्टी विवाद बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार हिंडन विहार में रहने वाले हाजी मूसा शाम को घर के बाहर भैंस का दूध निकल रहे थे। इसी दौरान उनके भाई ने वहां पहुंचकर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह अचेत होकर गिर पड़े। आनन-फानन में उसे पास के अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे अमृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक हाजी मूसा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# बारिश के पानी से बदलेगी बदहाल तालाबों की जिंदगी : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** इसमें कोई संदेह नहीं कि नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक शहर के विकास के लिए दिल और दिमाग दोनों से सोचते हैं, यही कारण है कि छोटी हो या बड़ी, हर समस्या का समाधान तत्परता से हो जाता है। इसी सोच के तहत अब उन्होंने तालाबों की सफाई को लेकर अभियान छेड़ा है। मानसून से पहले शहर के कई तालाबों को व्यवस्थित किया जाना है। जहां गाजियाबाद नगर निगम सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ कर रहा है वहीं तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य भी प्रमुखता से कराया जा रहा है। लगभग 10 तालाबों को पूर्ण रूप से सुव्यवस्थित कराया जाएगा जिसके



शहर के तालाबों की सफाई ने पकड़ी रफ्तार निगम अधिकारियों ने लिया जायजा

लिए उपकरणों के माध्यम से तालाबों की सफाई का कार्य चल रहा है अधिकारियों द्वारा भी मॉनिटरिंग की जा रही है।

महाप्रबंधक जल के. पी. आनंद द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त के निर्देश पर अमृत योजना के क्रम में तथा सीएसआर फंड से तालाबों की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने का कार्य चल रहा है, लगभग 10 तालाबों को चयन करते हुए कार्य प्रारंभ कराया गया है जिसमें पक्का तालाब, नायफल का तालाब, सदरपुर का तालाब, मोरटा के तालाब को व्यवस्थित कराया जा रहा है।

## पौने दो करोड़ की लागत से होगी तालाबों की सफाई

करंट क्राइम। तालाबों की सफाई के क्रम में डी वाटरिंग का कार्य चल रहा है, जलकुंभी निकाली जा रही है, उपकरणों के माध्यम से तथा मैन्युअल भी सफाई व्यवस्था को बेहतर किया जा रहा है। लगभग 01 करोड़ 76 लाख की लागत से कार्य पूरा कराया जाएगा जिसमें तालाबों की सफाई बिल्कुल खाली कराकर की जाएगी। प्रकाश की उचित व्यवस्था बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ घूमने फिरने के लिए फुटपाथ की व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जाएगा। लगभग 2 जून तक चारों तालाबों का कार्य पूर्ण करने के निर्देश टीम को दिए गए हैं कार्य की रफ्तार बढ़ाने के लिए भी कहा गया है। नगर निगम द्वारा दुहाई स्थित दो तालाब तथा अवंतिका स्थित तालाब पर कार्य तेजी से चल रहा है, महरौली, बयाना सिकरोड के तालाब को भी व्यवस्थित कराया जाएगा।





नगर निगम बरसात से पूर्व वर्षा जल संचयन के लिए तालाबों को व्यवस्थित कराया जा रहा है जो कि सराहनीय है जिसकी मॉनिटरिंग जलकल विभाग अधिकारी प्रतिदिन कर रहे हैं, तालाबों को पूरा खाली करके बरसात के दौरान जल संचयन कराया जाएगा जिससे भूगर्भ जल में वृद्धि के लिए कार्य कराया जा रहा है, नगर आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को मौके पर नजर बनाये रखने के लिए कहा गया है. कार्य को मानसून से पूर्व समाप्त करने के लिए निर्देश दिए हैं।

# एल जी के आदेश पर नौ साल से काम कर रहे, डीसीडब्ल्यू के 223 कर्मचारी हटाए

## संविदा कर्मियों की नियुक्तियों को उपराज्यपाल ने अवैध बताया

**नई दिल्ली।** स्वाति मालीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि दिल्ली महिला आयोग ने हर सेकेंड काम किया है। 500 से ज्यादा महिला रोज आती हैं। एलजी ने आदेश करके सभी अनुबंध कर्मचारी को हटा दिया है। 90 कर्मचारी है।

आठ ही नियमित हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। उन्होंने दिल्ली महिला आयोग से 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश दे दिया। आरोप है कि डीसीडब्ल्यू की तत्कालीन अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर बिना अनुमति के इन कर्मचारियों की नियुक्ति की। स्वाति मालीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एलजी पर हमला बोला। स्वाति मालीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा



कि दिल्ली महिला आयोग ने कई काम किये हैं।

एलजी कह रहे हैं कि सभी संविदा कर्मियों को बर्खास्त करें क्योंकि नियुक्तियां अवैध हैं। अगर ऐसा हुआ तो डीसीडब्ल्यू बंद हो जायेगा। 90 कर्मचारियों में से केवल आठ लोग नियमित कर्मचारी हैं, जबकि बाकी संविदा कर्मचारी हैं, जो तीन महीने के अनुबंध पर काम कर रहे हैं। रोज 500 महिला आती हैं तो काम कैसे होगा। दिल्ली में रोज महिलाओं के खिलाफ अपराध होते हैं। दिल्ली महिला आयोग में एसिड अटैक पीड़िता भी काम करती हैं। जिन महिलाओं पर जुल्म हुआ है, वे काम करती हैं।

### स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया पर कही बात

स्वाति मालीवाल ने एक्स पर लिखा, 'एलजी साहब ने डीसीडब्ल्यू के सारे कॉन्ट्रैक्ट स्टाफ को हटाने का एक तुगलकी फरमान जारी किया है। आज महिला आयोग में कुल 90 स्टाफ है जिसमें सिर्फ आठ लोग सरकार द्वारा दिये गये हैं, बाकी सब तीन-तीन महीने के कॉन्ट्रैक्ट पर हैं। अगर सब कॉन्ट्रैक्ट स्टाफ हटा दिया जाएगा, तो महिला आयोग पर ताला लग जाएगा। ऐसा क्यों कर रहे हैं ये लोग? खून पसीने से बनी है ये संस्था। उसको स्टाफ और सरंक्षण देने की जगह आप जड़ से खत्म कर रहे हो? मेरे जीते जी मैं महिला आयोग बंद नहीं होने दूंगी। मुझे जेल में डाल दो, महिलाओं पर मत जुल्म करो!'

उन्होंने आगे कहा कि लड़ाई मुझ से है। दिल्ली महिला आयोग को बंद न करें।

दिल्ली में ऐसा काम करना है कि महिला की तरफ कोई भी बुरी नजर से नहीं देख पाएगा। छह माह से वेतन नहीं मिलता है। नौ माह से स्टाफ की मांग कर रहे हैं। दिल्ली महिला आयोग कानूनी सलाह लेगा। दिल्ली महिला आयोग मंजूरी कैसे लेगा। टीम की जरूरत है।

स्टाफ तो देना चाहिए। ये एसिड अटैक वाले ही स्टाफ हैं। उन्हें पता है कि दर्द क्या होता है। पिछले नौ साल से काम कर रहे थे। उस समय क्यों नहीं किया था।

## पुलिस वालों में अत्यधिक कार्यभार से खुदकुशी

# स्वास्थ्य परेशानी के लिए पुलिस सुधारों पर जल्द होगी कार्यशाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस में बढ़ते तनाव से खुदकुशी, यातायात पुलिसकर्मियों में स्वास्थ्य की समस्याएं और वेतन विसंगतियों जैसे मुद्दे पर हल तभी होगा जब ब्रिटिशकालीन पुलिस कानून में सुधार के लिए सरकार कदम उठाएगी। पुलिस सुधारों के बिना वास्तविक मुद्दे गौण रहेगें। अत्यधिक कार्यभार, मानसिक शोषण और अन्य राज्यों के वनिस्पत दिल्ली पुलिस कर्मचारियों में वेतन विसंगतियों का समाधान नहीं होने से पुलिस की कार्यशैली ज्यों की त्यों बनी रहेगी और वे खुद को कोसते रहेंगे। यह बात अंतरराष्ट्रीय विधि संस्थान दिल्ली में भारतीय न्याय संहिता एवं पुलिस प्राथमिकताएं विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद दिल्ली पुलिस सेवानिवृत अराजपत्रित अधिकारी



एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कही। एसोसिएशन के अध्यक्ष छिद्दा सिंह रावत, ताराचंद, भगीरथ डाबला के साथ आल इंडिया पुलिस मेंस फेडरेशन के अध्यक्ष चौधरी दिलावर सिंह ने कहा कि पुलिस कानून में सुधारों के बाबत अगले हफ्ते दिल्ली में कार्यशाला आयोजित किया जाएगा जिसमें पुलिस के जनकल्याणकारी मुद्दे पर चर्चा होगी। बता दें कि भारतीय न्याय संहिता एवं पुलिस प्राथमिकताएं विषय पर आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त रहे दीपक मिश्र, दिल्ली पुलिस के बीके सिह के साथ मुंबई पुलिस के आयुक्त रहे और सांसद सत्यपाल सिंह और आयोजक संस्था के प्रधान सेवानिवृत एसीपी वेदभूषण ने अपनी बातें रखी।

# भाकियू ने पटनी प्रतापपुर टोल प्लाजा पर दिया धरना, बिना फास्टैग वाली लाइन दो घंटे अवरुद्ध

**मेरठ।** शामली जनपद में भाकियू कार्यकर्ताओं ने पटनी प्रतापपुर टोल प्लाजा पर धरना दिया। किसानों ने दो घंटे बिना फास्ट टैग वाली लाइन को अवरुद्ध रखा। इस दौरान किसानों ने 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले ग्रामीणों को टोल टैक्स में छूट दिए जाने की मांग की। मेरठ-करनाल हाईवे स्थित पटनी प्रतापपुर टोल प्लाजा पर क्षेत्र के किसानों को टोल पर छूटने न दिए जाने के विरोध में ग्रामीणों को साथ लेकर भारतीय किसान यूनियन ने टोल पर हंगामा प्रदर्शन करते हुए बिना फास्ट ट्रैक की लाइन को बंद कर दिया। जिससे टोल पर कर्मचारियों के हाथ पैर फूल गए। बाद में टोल मैनेजर तथा भारतीय किसान यूनियन के लोगों के साथ 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले ग्रामीणों को टोल में छूट दिए जाने पर टोल को सुचारु किया गया। मेरठ करनाल हाईवे स्थित पटनी प्रतापपुर टोल प्लाजा को शुरू हुए करीब 5 माह का समय बीत चुका है। पांच महीने में तीसरी कंपनी एमएस विनोद कुमार पर टोल प्लाजा का कॉन्ट्रैक्ट हुआ है। 5




महीने बीत जाने के बाद भी क्षेत्रीय किसानों तथा ग्रामीणों को टोल टैक्स में छूट न मिलने के कारण आए दिन टोल प्लाजा पर हंगामा होता रहता है। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव जितेंद्र पिंडोरा की अगुवाई में क्षेत्र के किसानों तथा ग्रामीणों ने टोल प्लाजा की बिना टैग वाली लाइन को बंद कर हंगामा कर दिया। ग्रामीणों की मांग करते हुए कहा कि वह 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी क्षेत्र के ग्रामीणों को टोल प्लाजा पर छूट दी जाए। आए दिन ग्रामीणों के साथ टोल प्लाजा कर्मी दुर्व्यवहार तथा किसानों के गन्ने व अन्य सामान को निकालने में टोल प्लाजा कर्मी परेशान करते हैं।

टोल प्लाजा की एक लाइन बंद होने से बिना टेक वाले वाहनों की लंबी लाइन लग गई। हंगामें के कारण टोल प्लाजा कर्मियों के हाथ पैर फूल गए तथा दो घंटे चली वार्ता में टोल प्लाजा मैनेजर मुकेश चौहान ने क्षेत्र के पांच किलोमीटर के दायरे में आने वाले ग्रामीणों को टोल पर आधार कार्ड या पहचान पत्र तथा अन्य आईडी दिखाने के बाद टोल से जाने का प्रावधान करने के बाद किसान तथा ग्रामीण शांत हुए। बाद में बिना टैग वाली लाइन को भी सुचारू कर दिया गया।

# पूरी सुरक्षा के बीच होगा पीएम का रोड शो, बनेंगे 40 ब्लॉक, पार्टी संगठन ने संभाली सारी व्यवस्था

**कानपुर ।** कानपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चार मई को होने वाले रोड शो के लिए कुल 40 ब्लॉक बनाए जा रहे हैं। ये ब्लॉक हर समाज और वर्ग के लोगों के नाम आवंटित होंगे। इन ब्लॉकों के लोग अपने-अपने समाज की वेशभूषा में रहेंगे। साथ ही अपने समाज के पोस्टर भी साथ रखेंगे। इसी तरह पहली बार मतदाता बने युवाओं के लिए नेशन फर्स्ट, वोटर फर्स्ट नाम से ब्लॉक रहेगा। सिख, समाज, वाल्मीकि समाज, जैन समाज, पूर्व सैनिक, खिलाड़ी, महिलाएं, संत-महात्मा जैसे कई समाजों, वर्गों के ब्लॉक होंगे।

यह सभी ब्लॉक मोदी के रोड शो के बाईं तरफ बनाए जा रहे हैं। दूसरी और लोग खड़े होकर अभिवादन करेंगे। इसी तरह पूरे रोड शो के दौरान मोदी गुमटी की कुल 22 गलियों को क्रॉस करेंगे। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि इन सभी समाजों के लोग प्रधानमंत्री को केंद्र सरकार की ओर से इन समाजों के लिए किए गए कार्यों के लिए मोदी का धन्यवाद जताने वाला पोस्टर भी लेकर आएंगे। जैसे अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर करने के लिए, सिख समाज वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा के लिए व राम भक्त



अयोध्या में राममंदिर निर्माण के लिए। इसी तरह अन्य समाज के लोग भी होंगे। इस बीच पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री के रोड शो की जिम्मेदारी 26 विभागों को सौंपी है। यह व्यवस्था बुधवार को क्षेत्रीय कार्यालय केशवनगर में रोड शो के इंचार्ज प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी व क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल की देखरेख में की गई।

मोदी पहले पीएम, जो कानपुर के किसी गुरुद्वारे में टेकेंगे मत्था नरेंद्र मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री होंगे, जो कानपुर में किसी गुरुद्वारे में मत्था टेकेंगे। गुमटी स्थित कीर्तनगढ़ गुरुद्वारे में पीएम के आगमन को लेकर बुधवार को गुरुद्वारा कमेटी की बैठक हुई। इसमें यह दावा किया गया कि यह गुरुद्वारा ऐसा पहला होगा, जिसमें प्रधानमंत्री का आगमन होगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि रोड शो के दौरान सिख समाज के लिए भी एक ब्लॉक बनाया जाएगा।

चकेरी से सड़क मार्ग से आएंगे पीएम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर जो प्लान बनाया गया है, उसके अनुसार वे चकेरी एयरपोर्ट पर उतरकर सड़क मार्ग से होते हुए गुमटी गुरुद्वारे पहुंचेंगे। इस तरह से वह कानपुर और अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र की सात विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेंगे। वहीं गुमटी गुरुद्वारे से खोया मंडी तक रोड शो खुले रथ पर सवार कर करेंगे। बाकी स्थानों से उनका काफिला बुलेट प्रूफ कार से गुजरेगा।

यह काफिला महाराजपुर, छावनी, आर्यनगर, किदवईनगर, गोविदनगर, सीसामऊ और कल्याणपुर विधानसभा में आने वाले क्षेत्रों से गुजरेगा। पहले प्रधानमंत्री चकेरी से हेलीकॉप्टर के जरिये सीएसए मैदान आने वाले थे।

### इनके पास रहेगी रोड शो की व्यवस्था

इसमें व्यवस्था प्रमुख के रूप में विधायक सुरेंद्र मैथानी, कार्यक्रम समन्वयक की जिम्मेदारी चारों जिला अध्यक्षों दीपू पांडेय, शिवराम सिंह, दिनेश कुशवाहा व मनोज शुक्ला को दी गई। रोड शो तक लाने की जिम्मेदारी राम किशोर साहू, सुनील तिवारी, कृष्णमुरारी शुक्ल को सौंपी गई है। वाहन व्यवस्था चंद्र प्रकाश गंगवानी, स्वच्छता महापौर प्रमिला पांडेय व पार्षद नवीन पंडित। इसी तरह अन्य व्यवस्थाएं होंगी।

### यहीं से शुरू होगा रोड शो

उप्र पंजाबी अकादमी के निवर्तमान उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह छाबड़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री गुरुद्वारे में मत्था टेककर रोड शो की शुरूआत करेंगे। बैठक में गुरु सिंह सभा के प्रधान हरमिंदर सिंह लार्ड, प्रितपाल सिंह बिल्ला, मीतू सागरी, सरदार नीतू सिंह, जसवंत सिंह भाटिया, प्रधान गुरुजिंदर सिंह, चरणजीत सिंह नामी, रिंपी बिंद्रा, अजीत सिंह छाबड़ा, परमजीत सिंह चंडोक सहित बड़ी संख्या में सिख मौजूद रहे।

# कैसरगंज सीट से बृजभूषण शरण सिंह का कटा टिकट

## भाजपा ने उनके बेटे करण पर जताया भरोसा



**लखनऊ ।** भाजपा ने कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर उनके बेटे को उम्मीदवार बनाया है। इसका एलान कर दिया गया है। यूपी की चर्चित लोकसभा सीट कैसरगंज पर भाजपा के उम्मीदवार को लेकर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। इस सीट से मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह चुनाव नहीं लड़ेंगे। भाजपा ने उनके छोटे बेटे करण भूषण को टिकट दिया है। इसका एलान कर दिया गया है।

इसके पहले, टिकट का आश्वासन मिलने के बाद करण भूषण ने अपने पिता व वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह से आशीर्वाद लिया और उनके पैर छुए। आशीर्वाद लेने के दौरान बृजभूषण ने अपने समर्थकों से करण भूषण सिंह को प्रत्याशी बनाए जाने की बात बताई और क्षेत्र में प्रचार करने की बात कही। करण भूषण शुक्रवार सुबह 11.00 बजे नामांकन दाखिल करेंगे। कैसरगंज सीट पर बृजभूषण की मजबूत पकड़ है। ऐसे में पहले से ही कयास लगाए जा रहे थे कि भाजपा उनके किसी परिजन को टिकट दे सकती है। बृजभूषण खुद भी चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन महिला पहलवानों द्वारा गंभीर आरोप लगाए जाने से उनकी उम्मीदवारी खतरे में पड़ गई। बीते दिनों सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बयान दिया था कि कैसरगंज का नाम हिन्दुस्तान ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में महक रहा है।

जहां तक टिकट की बात है तो हमारे क्षेत्र में कार्यकर्ता चैतन्य हैं, पार्टी चुप है। बरात सजी है, लेकिन दूल्हा गायब है। लेकिन मेरा दावा है कि यदि भाजपा हाईकमान एक घंटा पहले भी घोषित कर देगी तो बड़ी जीत के साथ दिल्ली पहुंचेंगे। उन्होंने कहा था कि प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व यहां के कार्यकताओं की भावनाओं का ख्याल जरूर रखेगा। भाजपा ने उन्हें तो नहीं लेकिन उनके बेटे को टिकट दे दिया। कैसरगंज सीट पर नामांकन के लिए अंतिम तारीख 3 मई है। इस सीट में पांचवें चरण में मतदान होगा। पांचवें चरण में यूपी में मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा में मतदान होगा।

# कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा को भगोड़ा घोषित करने के मामले में 7 मई को सुनवाई

**चंडीगढ़।** दिव्यांशु बुद्धिराजा के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर तीन जनवरी 2024 को पंचकूला सेक्टर 14 के पुलिस थाना में धारा 174ए के तहत मामला दर्ज किया गया। दरअसल बुद्धिराजा के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की पुलिस में शिकायत दर्ज थी। करनाल से कांग्रेस उम्मीदवार और हरियाणा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिल पाई है। बुद्धिराजा ने पंचकूला में दर्ज एफआइआर व भगोड़ा घोषित करने के आदेश को रद्द करने की गुहार लगाई थी। कोर्ट में बुद्धिराजा के वकील ने आश्वासन दिया कि वह जल्द ही ट्रायल कोर्ट में समर्पण कर देंगे।

इस आश्वासन के बाद हाई कोर्ट ने सुनवाई सात मई तक स्थगित कर दी। पंचकूला अदालत ने नियमों का पालन न करते हुए बुद्धिराजा को भगोड़ा घोषित किया है। याचिका के अनुसार



उसे वर्ष 2018 में हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के खिलाफ बेरोजगारी को लेकर फ्लैक्स बोर्ड लगाने पर दर्ज केस में भगोड़ा घोषित किया गया है। बुद्धिराजा के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर तीन जनवरी 2024 को पंचकूला सेक्टर 14 के पुलिस थाना में धारा 174ए के तहत मामला दर्ज किया गया। दरअसल बुद्धिराजा के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की पुलिस में शिकायत दर्ज थी। इस मामले में न्यायालय में सुनवाई थी और सुनवाई के दौरान वह पेश नहीं हुए थे। बुद्धिराजा अभी तक भगोड़ा ही हैं।

# कंगना रनौत ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह पर साधा निशाना, महिलाओं का सम्मान न करने का आरोप

**शिमला।** भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने विक्रमादित्य और उनकी मां कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह पर निशाना साधा। इस दौरान कंगना ने विक्रमादित्य सिंह पर निजी हमले भी किए और महिलाओं का सम्मान न करने का आरोप लगाया। हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने विक्रमादित्य और उनकी मां कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मां और बेटे दोनों को ही बेटियों का सम्मान करने नहीं आता है। शहजादे अपनी पत्नी का सम्मान नहीं कर पाए और उनको प्रताड़ित किया और मां प्रतिभा सिंह कहती हैं कि मुंबई से आई चीज को देखने लोग आ रहे, वोट नहीं देंगे। वह भूल गए कि मैं चीज नहीं हिमाचल की बेटी हूं। इस तरह की भाषा उनको शोभा नहीं देती। भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत



ने करसोग के नांवीधर में आयोजित जनसभा में यह पलटवार किया।

'जो अपनी पत्नी का सम्मान नहीं कर पाया वो और महिलाओं का क्या सम्मान देंगे' कंगना रनौत ने कहा कि मैं विक्रमादित्य सिंह की बात करके उनको ज्यादा महत्व नहीं देना चाहती, लेकिन यह जरूर है कि जो इंसान अपनी पत्नी का सम्मान नहीं कर पाया वह और महिलाओं को क्या सम्मान देंगे। प्रतिभा सिंह को मां समान समझती हूं, लेकिन उन्होंने जो कहा वह शायद भूल गई कि मेरी तरह उनकी भी बेटी है और बेटियां कोई चीज नहीं होती। मैं वैसी पली बड़ी हुई जो जैसे और बेटियां। जब उन्होंने हर तरह से शिष्टाचार छोड़ दिया है तो उनसे कोई उम्मीद नहीं की जा सकती और मैं भी ध्यान रखूंगी कि उनकी बात से मुझे कष्ट न हो।

### कांग्रेस ने कई घोटाले किए'

कंगना रनौत ने कहा कि तेज धूप के बावजूद लोग उनको सुनने आए इसका मतलब साफ है कि जनता का आशीर्वाद उनको मिल रहा है और यही बात कांग्रेस हजम नहीं कर पा रही। कंगना ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था। पाकिस्तान हमें नजरें दिखाता था। सौरभ कालिया जैसे बलिदानियों को पाकिस्तान ने जब छोड़ा तो उनकी आंखें तक निकाल लीं, हमारे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह हाथ जोड़कर अमेरिका चले जाते थे। लाखों करोड़ों के घोटाले किए, लेकिन कांग्रेस के फैलाए कीचड़ में 2014 में कमल खिला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने।

### ' 'पीएम मोदी ने पाकिस्तान के हाथ में दे दिया कटोरा'

कंगना रनौत ने कहा कि अब सेना को हिदायत है कि अगर कोई आंख दिखाए तो घर पर घुसकर मारो। पाकिस्तान के हाथ में कटोरा दे दिया है। अब हथियार नहीं आटा और पानी की मांग अन्य देशों से करता है।

# आखिर चुनाव प्रचार में बुल्डोजर का क्या काम, सीएम योगी क्या दिखाना चाहते हैं

**आगरा ।** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में यूपी की सबसे चर्चित सीट मैनपुरी के लिए सात मई को मतदान होगा। यहां से एक ओर भाजपा प्रत्याशी ठाकुर जयवीर सिंह चुनाव मैदान में हैं, तो वहीं दूसरी और सपा से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव हैं। इस सीट पर भाजपा सेंध लगाना का हर संभव प्रयास कर रही है। इसी के चलते यहां अब सीएम योगी का रोड शो है। माफियाओं की संपत्ति पर बुलडोजर चलाने से सख्त राजनेता की छवि बनाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मैनपुरी में रोड शो हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो में बुलडोजर भी नजर आए।



सपा के इस अभेद किले को फतह करने की जुगत में जुटी भाजपा ने मुख्यमंत्री योगी के लिए लग्जरी गाड़ियों की जगह 14 बुलडोजरों की व्यवस्था की। जिन पर सवार होकर वह भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह के लिए वोट मांगेंगे। रोड शो के माध्यम से वे प्रदेश भर में अपराधियों के सफाये के संकल्प संदेश देने का प्रयास करेंगे। अवैध कब्जाधारियों और माफियाओं के आसियानों और संपत्ति को प्रदेश भर में जिस तरह ढहाया गया है। इसी प्रकार मैनपुरी पर बने सपा के अभेद किले को ध्वस्त कर कमल खिलाएंगे। मैनपुरी लोकसभा सीट पर सपा संरक्षक मुलायम सिंह की परंपरागत सीट है। इस पर मुलायम सिंह की पुत्रवधू डिंपल यादव चुनावी मैदान में हैं, जिन्हें सपा के पूर्व सिपहसलाकर भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह चुनौती दे रहे हैं। जयवीर सिंह योगी सरकार में मंत्री हैं। भाजपा इस सीट को जीतने के लिए प्रयास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। उनके समर्थन में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मैनपुरी में रोड शो के लिए आ रहे हैं। जिसकी तैयारी भाजपा कार्यकताओं ने कर ली है और रोड़ शो के लिए करहल चौराहा महाराणा प्रताप चौक पर 14 बुलडोजर भी मंगा लिए हैं।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने डीपफेक वीडियो पर जनहित याचिका का किया निपटारो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को एक जनहित याचिका (पीआईएल) का निपटारा कर दिया, जिसमें चल रहे लोकसभा चुनाव के दौरान डीपफेक वीडियो के प्रसार को रोकने के उपायों की मांग की गई थी। अदालत ने भारत निर्वाचन आयोग से इस मुद्दे का समाधान करने को कहा।

लॉयर्स वॉयस द्वारा दायर जनहित याचिका में चुनावी प्रक्रिया पर डीपफेक सामग्री के संभावित प्रभाव के बारे में चिंता जताई गई और अदालत से हस्तक्षेप की मांग की गई। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस.अरोड़ा की खंडपीठ ने कहा कि अदालत चुनाव के बीच में निर्देश जारी नहीं कर सकती और इसके बजाय याचिकाकर्ता को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को एक विस्तृत प्रतिनिधित्व पेश करने का निर्देश दिया।

## जेपी नड्डा ने समझाया राजद का मतलब, कहा- भ्रष्टाचारियों का कुनबा है इंडी गठबंधन

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को अररिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए इंडी गठबंधन को जमकर घेरा। लालू परिवार पर भी हमला बोला। इतना ही नहीं अपने 34 मिनट के भाषण जेपी नड्डा ने जम्मूकश्मीर से कन्याकुमारी तक के नेताओ के नाम गिनाते हुए पूछा फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, मुलायम सिंह परिवार, लालू परिवार चौटाला परिवार से लेकर गांधी परिवार तक का जिक्र किया बस यह सब अपने परिवार के बारे में सोचते हैं। उन्होंने कहा कि नड्डा ने कहा कि नरेंद्र मोदी 10 साल से सेवा कर कर रहे हैं।

**खोया-पाया**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा आधार कार्ड नंबर 2241 9829 0036 व हाई स्कूल वर्ष 2020 रोल नं. 0366462 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2022 रोल नं. 2225 254285 के प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं मिलने पर सूचित करें।

अंजली पुत्री प्रमोद कुमार
ग्राम यूसुफपुर मनौटा
मुरादनगर गाजियाबाद

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...












# भाजपा के पांच पार्षदों के वार्ड में पड़े 34,628 मत, सभी का दावा अतुल गर्ग को मिलेंगे लगभग 28,000 वोट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 26 अप्रैल को गाजियाबाद लोकसभा सीट के लिए मतदान हो गया है। मतदान के बाद अब अलग-अलग बूथ और वार्ड से लेकर विधानसभा में वोटों के प्रतिशत और किसको कितना वोट मिला, इसका आंकलन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दैनिक करंट क्राइम ने भारतीय जनता पार्टी के पांच पार्षदों के वार्ड का हाल जाना, जहां पर जानकारी निकाल कर आई है कि वार्ड 65-विवेकानंद नगर-जीवन विहार, वार्ड-97 चंद्र नगर-रामप्रस्था, वार्ड-88 गांधीनगर- तुराब नगर, वार्ड-83 श्याम पार्क-राजेंद्र नगर और वार्ड-81 साहिबाबाद गांव-पीर कॉलोनी के इलाके में कुल 34,628 वोट डाले गए हैं। इसमें सभी पार्षदों का दावा है कि लगभग 28000 वोर्ट सीधे-सीधे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग की खाते में आएगा। इससे उनकी जीत और मजबूत बनेगी।

**वार्ड-65 विवेकानंद नगर-जीवन विहार, वार्ड-97 चंद्र नगर-रामप्रस्था, वार्ड- 88 गांधीनगर-तुराब नगर, वार्ड-83 श्याम पार्क-राजेंद्र नगर और वार्ड-81 साहिबाबाद गांव- पीर कॉलोनी का इलाका है शामिल**

## वार्ड-65 में पड़े 6174 वोट : राजकुमार नागर



करंट क्राइम :भारतीय जनता पार्टी के वार्ड-65 से पार्षद राजकुमार नागर हैं। उनके वार्ड-65 में विवेकानंद नगर और जीवन विहार का इलाका आता है। उन्होंने जानकारी दी है कि उनके वार्ड में लगभग 6174 वोट 26 अप्रैल को मतदान के दौरान डाले गए हैं। उनका मानना है कि कुल पड़े वोट में लगभग 5000 ऐसे वोट हैं, जो सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में जाएंगे। राजकुमार नागर का कहना है कि उनके यहां डाले गए कुल वोट में केवल 1000 वोट के आसपास ही विपक्ष को जाएगा। बाकी सारा वोट भाजपा के खाते का है।




## वार्ड-88 में पड़े 6200 वोट : नीरज गोयल



करंट क्राइम : वार्ड-88 से भारतीय जनता पार्टी के पार्षद नीरज गोयल हैं। उनके वार्ड में गांधीनगर और तुराब नगर का क्षेत्र आता है। नीरज गोयल का कहना है कि 26 अप्रैल को मतदान वाले दिन उनके यहां लगभग 6200 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया है।

जिसमें से लगभग 5000 के आसपास मतदाताओं ने अपने वोट भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में डालने का काम किया है। पार्षद नीरज गोयल की माने तो भाजपा के पक्ष में पढ़ने वाले वोटों की संख्या में ईवीएम खुलने के बाद इजाफा भी हो सकता है।

## वार्ड-97 में पड़े 6620 वोट : श्रीभगवान अग्रवाल



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के वार्ड-97 चंद्र नगर-रामप्रस्थ से पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल का कहना है कि उनके वार्ड में कुल 13200 वोट हैं। जिसमें से 6620 लोगों ने 26 अप्रैल के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डाला है। उनका दावा है कि उनके वार्ड में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में लगभग 6000 वोट आएंगे। जो भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की जीत का मुख्य कारण बनेंगे।

## वार्ड-81 में डाले गए 7325 वोट : हिमांशु चौधरी



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के पार्षद हिमांशु चौधरी के वार्ड-81 में साहिबाबाद गांव और पीर कॉलोनी का इलाका आता है। उनके वार्ड में कुल 21000 मतदाता हैं। 26 अप्रैल के दिन लगभग 7325 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डाला। पार्षद हिमांशु चौधरी का कहना है कि उनके वार्ड में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग को लगभग 5000 के आसपास वोट मिलने चाहिए।

## वार्ड-83 में 8309 वोटर्स ने किया मताधिकार का प्रयोग : कविता भाटी



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी की वार्ड-83 से पार्षद कविता भाटी हैं। उनके क्षेत्र में श्याम पार्क और राजेंद्र नगर का इलाका आता है। उनके यहां कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 16000 है। पार्षद कविता भाटी ने बताया है कि 26 अप्रैल को वोटिंग के दौरान लगभग 8309 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया है। जिसमें से लगभग 7000 के आसपास वोट भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में आएगा। ऐसा दावा पार्षद कविता भाटी द्वारा किया गया है।

# विधायक नंदकिशोर गुर्जर के आश्वासन पर टली निठौरा के आक्रोशित युवाओं की महापंचायत

**पुलिस-प्रशासन की टीमें कर रही हैं निगरानी**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी इलाके के गांव निठौरा में दो समुदायों के बीच बना रही टकराव की स्थिति के मामले में स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर की निर्णायक भूमिका रही। उन्होंने एक समुदाय के आक्रोशित युवाओं से बातचीत की और पूरे मामले में जल्द हल निकालने के लिए समय दिया है। जिसके बाद निठौरा गांव के आक्रोशित युवाओं की महापंचायत खत्म हो गई। बताया जा रहा है पिछले दिनों निठौरा गांव के युवकों के साथ हुई मारपीट के बाद दो समुदाय के बीच भारी तनाव की स्थिति चल रही थी। निठौरा गांव के आक्रोशित युवाओं द्वारा महापंचायत की तैयारी और बड़ा आंदोलन शुरू करने का प्लान चल रहा था। जैसे ही यह जानकारी स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर को लगी, तो वह निठौरा गांव पर पहुंचे। यहां आक्रोशित युवाओं से उन्होंने बातचीत की और युवाओं को काफी समझाया और बताया कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई होगी। इसके बाद महापंचायत को टाल दिया गया है।



### कानून व्यवस्था की स्थिति पर प्रशासन की नजर

करंट क्राइम : निठौरा गांव में किसी प्रकार की स्थिति ना बिगड़े, इसको लेकर पुलिस और प्रशासन की टीमें हालात पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं लोकल इंटेलीजेंस को भी अधिकारियों ने अलर्ट किया है ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए।

### विधायक का संदेश, कानून व्यवस्था करें योगी सरकार में भरोसा

करंट क्राइम : स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर जब ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे तो उन्होंने कहा है कि कानून में आस्था रखें। यह योगी आदित्यनाथ की सरकार है, दोषी किसी भी कीमत पर बक्शे नहीं जाएंगे और कठोर से कठोर कार्रवाई होगी। इस मामले में उन्होंने स्थानीय युवाओं को आश्वासन दिया है कि इस पूरे मामले में प्रशासन से बातचीत कर रहे हैं। विधायक ने निठौरा गांव के युवाओं को महापंचायत ना करने के लिए ना सिर्फ मना लिया बल्कि उनको आश्वासन भी दिया है कि पूरे मामले में ठीक प्रकार से हल करवाएंगे और दोषियों पर उचित कार्रवाई होगी।

# आठ जिलों में मतदान संपन्न कराएगी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के लगभग 8 जनपदों में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न करने के लिए अलग-अलग चरण में रवाना होगी। तृतीय चरण के लिए गुरुवार को आगरा और बदायूं के लिए गाजियाबाद पुलिस लाइन से फोर्स भेजा गया है। इसके बाद 13 मई को गाजियाबाद से उन्नाव और कानपुर नगर के लिए फोर्स भेजा जाना है। 20 मई को गोंडा और कौशांबी तो 25 मई में को जौनपुर और 1 जून को होने वाले मतदान के लिए गाजियाबाद से गाजीपुर फोर्स रवाना किया जाएगा। कुल मिलाकर अलग-अलग पांच बचे हुए चरणों में जो मतदान होना है, उसमें गाजियाबाद से बड़ी संख्या में उपनिरीक्षकों के साथ ही कांस्टेबलों व हेड कांस्टेबलों को रवाना किए जाएंगे।



**आगरा, बदायूं, उन्नाव, कानपुर नगर, गोंडा, कौशांबी, जौनपुर और गाजीपुर जनपद है चुनावी ड्यूटी में शामिल**

### पश्चिम से पूरब तक मिली है कमिश्नरेट पुलिस को ड्यूटी

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से बड़ी संख्या में उपनिरीक्षकों, कांस्टेबलों और हेड कांस्टेबलों को आगामी लोकसभा चुनाव के तीसरे, चौथे, पांचवें, छठे और सातवें यानी अंतिम चरण तक गाजियाबाद की पुलिस चुनावी ड्यूटी देगी। इसके लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से अलग-अलग चरणों के लिए आगरा, बदायूं, उन्नाव, कानपुर नगर, गोंडा, कौशांबी, जौनपुर और गाजीपुर तक फोर्स भेजा जाएगा। कुल मिलाकर कहा जाए तो पश्चिम में आगरा और पूरब में गाजीपुर तक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिसकर्मियों की लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार गाजियाबाद से गुरुवार को 37 अलग-अलग वाहनों में बड़ी संख्या में फोर्स को तीसरे चरण के लिए रवाना किया गया है। अब 13 मई को होने वाले चौथे चरण के मतदान के लिए भी उन्नाव और कानपुर को फोर्स भेजा जाएगा।

# शहर विधायक अतुल गर्ग ने चंडीगढ़ में भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन के लिए किया चुनाव प्रचार






### अतुल गर्ग ने घर-घर तक वोटिंग पर्ची पहुंचना व पन्ना प्रमुख की मॉनिटरिंग पर जोर दिया

**चंडीगढ़।** शहर विधायक अतुल गर्ग अपने चुनाव की वोटिंग के बाद इस समय चुनाव प्रचार के लिए चंडीगढ़ में हैं, वह अपनी कार्यशैली के अनुसार चंडीगढ़ के भाजपा नेताओं से मिलकर लोकसभा भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन को अधिक से अधिक वोटों से विजय दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। अतुल गर्ग ने घर घर तक बोटिंग पर्ची पहुँचना व पन्ना प्रमुख की मॉनिटरिंग पर जोर दिया। इस अवसर पर चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा, प्रत्याशी संजय टंडन, स्टेट सेकेट्री दीपक मल्होत्रा एग्जीक्यूटिव मेम्बर देवी आदि उपस्थित रहे।

# यूथ आईकॉन नीरज सिंह का यही अंदाज तो लेता है सबका दिल जीत

## पूर्व पार्षद हिमांशु लव बोले, नीरज सिंह जैसे नेता ही हैं भाजपा की असली ताकत

वरिष्ठ संवाददाता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में अगर किसी परिवार में गाजियाबाद में रिश्ते बनाये हैं तो वो परिवार देश के केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का है। इस परिवार के सभी सदस्यों की ये खासियत है कि गाजियाबाद से उनका अलग ही नाता है। ये लगाव ही तो है कि नामांकन लखनऊ में हो रहा है और प्रचार के लिए गाजियाबाद से लोग पहुंच रहे हैं। यूथ आईकॉन नीरज सिंह का व्यवहार सभी को भाता है। इसीलिए ये कहा जाता है कि यूं ही नहीं कोई नीरज सिंह बन जाता है। पूर्व पार्षद हिमांशु लव जब लखनऊ पहुंचे और उनकी मुलाकात नीरज सिंह से हुई तो वो नीरज सिंह के व्यवहार के कायल हो गये। हिमांशु लव ने कहा कि नीरज सिंह जैसे नेता ही भाजपा की असली ताकत हैं। पूर्व पार्षद हिमांशु लव देश के रक्षामंत्री राजनाथ के चुनाव प्रचार में लखनऊ पहुंचे थे। यहां उनकी यादगार मुलाकात नीरज सिंह से हुई। नीरज सिंह के आत्मीय व्यवहार की तारीफ करते हुए हिमांशु लव ने कहा कि नीरज सिंह भी अपने पिता की तरह राष्ट्रवादी विचारधारा के सिद्धान्तों पर आधारित राजनीति करते हैं। क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर वह काफी सक्रिय रहते हैं और जनहित के मुद्दों पर हमेशा सबसे आगे रहते हैं। हिमांशु लव ने दावा किया कि लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से राजनाथ सिंह पांच लाख से भी अधिक वोटों से चुनाव जीतेंगे। इस मुलाकात के दौरान हिमांशु लव के साथ अर्जुन सिसौदिया और मोहित शौर्या भी मौजूद थे। बहरहाल ये मुलाकात इस बात का सबूत है कि राजनीति में सबकुछ समीकरण नहीं होता राजनीति में रिश्ते भी बहुत कुछ होते हैं। राजनीति में सबकुछ सरकार नहीं होती राजनीति में व्यवहार भी बहुत कुछ होता है।





**नीरज सिंह अपने पिता की तरह राष्ट्रवादी विचारधारा के सिद्धान्तों पर आधारित राजनीति करते हैं : हिमांशु लव**

## संपादकीय

# भारत में कोरोना वायरस अब भी मौजूद

दुनिया में कोरोना महामारी के दौरान ब्रिटेन की कंपनी एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने एक टीके का आविष्कार किया था। उस टीके को भारत में कोविशील्ड के नाम से सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने बेचा और वितरित किया। चूंकि इतने लंबे अंतराल के बाद ब्रिटिश मीडिया के जरिए यह खुलासा हुआ है कि एस्ट्राजेनेका के टीके से खून में थक्के जम सकते हैं और व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ सकता है। कंपनी ने अदालत में यह स्वीकार भी किया है, लेकिन इसे दुर्लभ प्रभाव भी माना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट 2021 में आई थी, जिसका निष्कर्ष था कि कोरोना टीके से 10,000 में से मात्र एक व्यक्ति ही साइड इफेक्ट का शिकार होता है। खबर इसलिए चिंतित करती है, क्योंकि भारत में सर्वाधिक 175 करोड़ खुराकें कोविशील्ड टीके की दी गई थीं और 36.39 करोड़ खुराकें कोवैक्सीन टीके की दी गईं। इस टीके के निर्माण में भारत सरकार की भी हिस्सेदारी है। बहरहाल ब्रिटेन में कोरोना टीके के दुष्प्रभावों के मद्देनजर 163 लोगों को मुआवजा दिया गया। उनमें से 158 लोगों ने एस्ट्राजेनेका का टीका लगवाया था। कोरोना-काल में टीकाकरण ने दुनिया में 60 लाख से अधिक बीमारों को नई जिंदगी दी और भारत में करीब 34 लाख संक्रमितों को नई सांस दी थी। भारत जैसे घनी और संकरी आबादी वाले देश में यह डाटा बेहद महत्वपूर्ण और मानवीय माना जा सकता है। भारत में 220 करोड़ से ज्यादा खुराकें दी गईं। उनमें से 254 लोगों पर ही टीके के दुष्प्रभाव सामने आए, लिहाजा भारत में टीके का उलटा असर 0.00001 फीसदी ही रहा। चिकित्सकों का भी कहना है कि टीके से औसतन 10 लाख लोगों में से जानलेवा जोखिम मात्र एक व्यक्ति को ही देखा गया, जबकि टीके ने महामारी की घातकता 80-90 फीसदी तक कम की। दरअसल थक्का जमने की बीमारी को मेडिकल भाषा में टीटीएस सिंड्रोम कहते हैं, जो करीब 100 साल पुराना है। दिल का अचानक दौरा अचानक अचेत होकर जमीन पर गिर जाना, हार्ट अटैक से मौत हो जाना आदि कोरोना टीका लगाने से पहले भी मौजूद थे। यदि 2022 में, कोरोना के चरम के ऐन बाद, हार्ट अटैक से 32,410 अचानक मौतें हुईं, तो 2019 से पहले भी 24-25,000 ऐसी ही मौतें हुई थीं। चिकित्सकों का सवाल है कि वे मौतें क्यों हुईं? तब तो कोरोना महामारी नहीं थी? लिहाजा शोधरत चिकित्सकों की स्थापना है कि ऐसा कोई वैज्ञानिक और क्लीनिकल साक्ष्य नहीं है, जो कोरोना टीके का सीधा संबंध मौत के साथ साबित करता हो। ब्रिटिश अदालत में 51 केस एस्ट्राजेनेका के खिलाफ दर्ज किए गए। मुख्य रूप से जेमी स्कॉट अदालत गए और टीके से पीड़ित लोगों ने कंपनी से 1000 करोड़ रुपए तक के मुआवजे मांगे। करीब 20 देशों ने एस्ट्राजेनेका के टीके पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन ये सभी अर्द्धसत्य ही थे। जब दुनिया में कोरोना महामारी फैली थी, तब हाहाकार यही था कि किस तरह मनुष्य को बचाया जाए? लोग संक्रमण, ऑक्सीजन की कमी, सांस की निरंतरता टूटने, फेफड़ों के फेल हो जाने के कारण मर रहे थे। शमशान में जगह कम पड़ी, तो लाशों को नदी में बहा दिया गया। यदि किसी का संक्रमण सामने आया, तो यह निश्चित नहीं था कि वह जिंदा रहेगा या नहीं। भारत में कोरोना वायरस अब भी मौजूद है, क्योंकि एक माह में औसतन 3000 संक्रमित मामले दर्ज किए जा रहे हैं। विश्व में कोरोना महामारी से करीब 70 लाख मौतें हुईं, लेकिन आज हम अपेक्षाकृत आश्वस्त हैं। हमने टीकाकरण कराया है या हम संक्रमित हो चुके हैं।

# यूपीआई जैसी भुगतान प्रणाली विकसित करने के लिए बैंक ऑफ नामीबिया के साथ किया समझौता



**नई दिल्ली।** एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने नामीबिया के लिए यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) जैसी त्वरित भुगतान प्रणाली विकसित करने में सहायता के लिए बैंक ऑफ नामीबिया (बीओएन) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस बारे में बयान जारी कर जानकारी दी गई है। एनपीसीआई की विदेशी शाखा ने नामीबिया के लिए यूपीआई जैसी त्वरित भुगतान प्रणाली विकसित करने के वास्ते बैंक ऑफ नामीबिया (बीओएन) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत की यूपीआई प्रौद्योगिकी और अनुभवों का लाभ उठाकर साझेदारी का उद्देश्य नामीबिया को अपने वित्तीय परिवेश तंत्र को आधुनिक बनाने में मदद करना है। इसमें घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय भुगतान तंत्र के साथ पहुंच, सामर्थ्य व संपर्क और अंतर-संचालन में सुधार करना शामिल है। बयान में कहा गया, एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने नामीबिया के लिए यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) जैसी त्वरित भुगतान प्रणाली विकसित करने में सहायता के लिए बैंक ऑफ नामीबिया (बीओएन) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

एनपीसीआई इंटरनेशनल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रितेश शुक्ला ने कहा, ह्यह्यइस प्रौद्योगिकी को सक्षम करने से देश को डिजिटल भुगतान परिदृश्य में संप्रभुता प्राप्त होगी। बेहतर भुगतान अंतर-संचालन व वंचित आबादी के लिए बेहतर वित्तीय पहुंच से लाभ होगा। बैंक ऑफ नामीबिया के गवर्नर जोहान्स गवाक्सैब ने कहा, ह्यह्यहमारा मकसद वंचित आबादी के लिए पहुंच और सामर्थ्य को बढ़ाना। 2025 तक भुगतान साधनों की पूर्ण अंतर-संचालनीयता हासिल करना, वित्तीय क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना और एक सुरक्षित व कुशल राष्ट्रीय भुगतान प्रणाली सुनिश्चित करना है।

# ऋधान दीक्षा ग्रहण कर 30 वर्षीय मां ने बेटे के साथ जैन भिक्षुक धर्म अपनाया

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मनीष नाम के एक व्यापारी की 30 वर्षीय पत्नी स्वीटी और 11 वर्ष के बेटे ऋधान दीक्षा ग्रहण कर जैन भिक्षु बन गए हैं। वे अब दोनों सूरत में रहते हैं। कर्नाटक के मनीष नाम के एक व्यापारी की 30 वर्षीय पत्नी स्वीटी और 11 वर्ष के बेटे ऋधान दीक्षा ग्रहण कर जैन भिक्षु बन गए हैं।

वे अब दोनों सूरत में रहते हैं। जैन समुदाय में जब कोई व्यक्ति भिक्षु बनने का फैसला लेता है तो उन्हें बड़ा सम्मान दिया जाता है। जैन भिक्षु बनकर लोग दुनिया की सबसे बुनियादी आवश्यकताओं, जैसे एयर कंडीशनर, पंखे, बिस्तर, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य गैजेट्स का इस्तेमाल भी छोड़ देते हैं।



हाल ही में कर्नाटक के एक बिजनेसमैन मुकेश की 30 साल की पत्नी स्वीटी और उनका 11 साल का बेटा ऋधान जैन संन्यासी बन गए। जैन भिक्षु बनने के बाद अब उन्हें नया नाम दिया गया है।

जहां मां को भावशुधि रेखा श्री जी नाम मिला है वहीं बेटे को हिताशय रतनविजय जी का नाम मिला है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कारोबारी मनीष के एक रिश्तेदार विवेका ने बताया कि भावबुद्धि रेखा श्री जी ने गर्भवती होने के दौरान ही अपने बेटे के साथ एक भिक्षु बनने का निर्णय लिया। साथ ही उन्होंने यह भी तय किया कि उनका बच्चा उनके नक्शेकदम पर चलकर जैन संन्यासी बनेगा। नतीजतन, उसके बेटे को इसी भावना के साथ बड़ा किया गया कि वह अंततः भिक्षु जीवन में प्रवेश करेगा।

मां-बेटे की जोड़ी का दीक्षा समारोह जनवरी 2024 में गुजरात के सूरत में बहुत उत्साह के साथ हुआ। दोनों अब सूरत में ही रहते हैं। उनके दीक्षा ग्रहण करने से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं और इसे एक मिलियन से अधिक बार देखा गया है।

# राजमार्गों, रेलवे, पावर प्लांट और बंदरगाहों के सरकारी निवेश से भारत ऊंचाइयों पर



**नई दिल्ली।** मजबूत मांग के दम पर देश के विनिर्माण क्षेत्र में अप्रैल में भी तेज वृद्धि दर्ज की गई, हालांकि इसकी दर मार्च में दर्ज ऐतिहासिक उच्चतम स्तर से मामूली रूप से कम रही। गुरुवार को जारी एचएसबीसी सर्वे में यह तथ्य समाने आया है। राजमार्गों, रेलवे, पावर प्लांट और बंदरगाहों जैसी बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर सरकारी निवेश के दम पर भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। इनका रोजगार सृजन और आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा जिससे वस्तुओं और सेवाओं की घरेलू मांग बढ़ी है।

एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी फाइनल इंडिया विनिर्माण पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अप्रैल में 58.8 दर्ज किया गया जो मजबूत वृद्धि को दशार्ता है। यह मार्च के 59.1 के रिकॉर्ड स्तर से मामूली रूप से कम है। सूचकांक लगातार 34वें महीने सकारात्मक रहा है। इसका 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में वृद्धि और उससे कम रहना गिरावट को दिखाता है। सूचकांक का 50 का स्तर स्थिरता दिखाता है। भारत के लिए एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, मजबूत मांग के कारण अप्रैल के विनिर्माण पीएमआई में पिछले साढ़े तीन साल की दूसरी सबसे बड़ी तेजी दर्ज की गई। कंपनियों ने मांग के मजबूत बने रहने की आशा व्यक्त की है जिससे कारोबारी उम्मीद में सुधार हुआ। उन्होंने अगले एक साल में उत्पादन बढ़ाने की भी बात कही। इसी कारण कंपनियों अप्रैल में नई नौकरियां दीं। कच्चे माल की लागत और कर्मचारियों के वेतन में भी वृद्धि हुई है। आईएमएफ द्वारा पिछले महीने जारी विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 0.3 प्रतिशत बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया था।

## राशिफल

**मेषः** वाणी में मधुरता रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। कारोबारी कार्यों के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**वृषः** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के साथ किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। आय में वृद्धि भी होगी।

**मिथुन:** मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। कारोबार विस्तार के लिए किसी दूसरे स्थान पर जाने के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु कुछ मानसिक परेशानियां भी हो सकती है। धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंह:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कुछ कमी भी आ सकती हैं। संयत रहें। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कन्या:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। आत्मसंयत रहें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां भी आ सकती हैं।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खर्चों में वृद्धि होगी। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। वाहन सुख में कमी आ सकती है।

**धनु:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग भी मिलेगा।

**मकर:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

**कुंभ:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। कारोबारी कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**मीन:** मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी व्यर्थ के मानसिक तनाव से बचें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ेंगे।

## चुटकुले

बच्चा- पापा, हमारे पड़ोसी बहुत गरीब हैं.
पापा- तुम्हें कैसे पता ?
बच्चा- उनके बेटे ने एक रुपये का सिक्का निगल लिया और उसकी मां का रो-रो कर बुरा हाल है।

---

टीचर - अगर कोई स्कूल के सामने बम रख जाए तो तुम क्या करोगे?
छात्र - एक-दो घंटे देखेंगे,
अगर कोई ले जाता है, तो ठीक है.
वरना स्टाफ रूम में रख देंगे।

---

ट्रेन में दो यात्री बात कर रहे थे....
पहला - व्हाट्सएप इंसान को हमेशा आगे बढ़ाता है.
दूसरा - वो कैसे?
पहला - अब मुझे ही देखिए, दो स्टेशन पीछे उतरना था,
लेकिन मैं तो आगे आ गया

## रोचक तथ्यों का करंट

- बिना खाने के हम 20 दिनों तक रह सकते हैं लेकिन पानी के बिना एक सप्ताह तक ही रह सकते हैं।
- भारत के द्वारा उड़ाए जाने वाला पहला Rocket cycle में लाया गया था।
- मानव शरीर की झांकी हड्डी किसी कंक्रीट से भी ज्यादा मजबूत होती है।
- एक मामूली चिड़िया प्रतिदिन अपने वजन के बराबर खाना खा जाती है, जबकि 50 किग्रा. का मनुष्य 50 किग्रा. भोजन नही खा सकता।
- अधिकतर पंछियों के लिए चॉकलेट जहर होता है . इसमें theobromine और Caffeine नामक दो रसायन होते हैं, जिनको इंसान तो पचा सकता है लेकिन पंछी और कुत्ते नहीं।
- इंसान के दिमाग में लगभग 78 प्रतिशत पानी होता है।
- बुद्धिमान लोग सामान्य लोगों की तुलना में जल्दी गुस्सा हो जाते हैं।
- हिप्पो जब घबराता है तो उसके पसीने का रंग लाल हो जाता है।
- दुनिया का पहला Hospital train भारत में ही स्तिथ हैं।
- आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि अगर आप को कॉकरोच का सर काट दे तो भी वह हफ्तों तक जिंदा रह सकता है।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता वीरेंद्र सारस्वत की ये खूबी है कि वो अपनो की खुशी में परिवार की तरह शामिल होते हैं। आत्मीयता का अहसास कराते हैं। पूर्व पार्षद वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र त्यागी के जन्मदिन पर वीरेंद्र सारस्वत ने उन्हे बधाई शुभकामनाए दी। उनके उत्तम स्वास्थ लंबी आयु यशस्वी जीवन की कामना की।

# 1.3 करोड़ म्यूचुअल फंड खातों पर सरकार ने रोक लगाई




**नई दिल्ली।** सेबी ने कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त म्यूचुअल फंड खातों के लिए नॉमिनी के नियम को वैकल्पिक बना दिया है। साथ ही, फंड हाउस को अब जिंस और विदेशी निवेश की निगरानी के लिए एक ही फंड मैनेजर रखने की मंजूरी मिल गई है। अधूरे केवाईसी के कारण लगभग 1.3 करोड़ म्यूचुअल खातों पर बाजार नियामक सेबी ने रोक लगा दी है। इन खाताधारकों ने केवाईसी के रूप में गैर-आधिकारिक वैध दस्तावेज जमा किए हैं। केवाईसी पंजीकरण संस्थाओं (केआरए) के अनुसार, इस साल एक अप्रैल से ऐसे खातों से निकासी फ्रीज कर दी गई है, जिनमें केवाईसी नहीं हैं या अधूरे हैं। कई ग्राहकों ने केवाईसी के नाम पर बिजली बिल या बैंक खाते जैसे दस्तावेज जमा कराए हैं। हालांकि, इन दस्तावेजों को अब केवाईसी के रूप में नहीं माना जा रहा है। म्यूचुअल फंड में पैन और आधार का लिंक होना जरूरी है।

7.9 करोड़ के पास वैध केवाईसी

11 करोड़ निवेशकों में से लगभग 7.9 करोड़ के पास वैध केवाईसी है। 1.6 करोड़ निवेशकों के केवाईसी पंजीकृत श्रेणी में हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## करंट क्राइम

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

03 05 2024

# आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




मेघा राज
अभिनेत्री


आशा पंवार


नेहा


मंजू त्यागी


रीनू तिवारी


संदीप गुप्ता


अजयवीर सिंह


तजेंद्र सिंह


मनोज चौधरी


अभिषेख टांक


करण सिंह


काशिम खान


राजेश गौतम


नाजिम अली


तजेन्द्र


सोभित यादव

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# पाकिस्तान ने आयरलैंड-इंग्लैंड टी20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया



**कराची।** पाकिस्तान ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए टीम का एलान नहीं किया है, लेकिन गुरुवार को पीसीबी के चयनकर्ता ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। आईसीसी ने सभी टीमों को अपने संभावित-15 बताने के लिए एक मई की तारीख दी थी। हालांकि, समय बीत जाने के बावजूद पाकिस्तान टीम सामने नहीं आई। ऐसा कहा जा रहा है कि पाकिस्तान ने आईसीसी को टीम भेज दी है, लेकिन उसे सार्वजनिक करने का फैसला नहीं लिया है। इसके उलट पाकिस्तान के चयनकताओं ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा की। ऐसा माना जा रहा है कि यही टीम टी20 विश्व कप में भी खेलती दिखाई पड़ेगी। 25 मई के बाद कोई भी टीम आईसीसी की इजाजत के बिना अपने 15 में बदलाव नहीं कर सकेगी।

**हारिस रऊफ की पाकिस्तान टीम में वापसी**

आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने लेग स्पिनर उसामा मीर को टीम से बाहर कर दिया। वहीं, हारिस रऊफ की टी20 टीम में वापसी हुई है। पाकिस्तान के चयनकर्ताओं की टीम में मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल रज्जाक, वहाब रियाज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की विश्व कप टीम आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बाद तय की जाएगी। पाकिस्तान और आयरलैंड के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज की शुरूआत 10 मई से होने जा रही है। वहीं, पाकिस्तान की टीम 22 मई से इंग्लैंड के खिलाफ उनके घर में चार मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी।

**रज्जाक और यूसुफ ने कही यह बात**

वहीं, रज्जाक ने कहा कि लेग स्पिनर उसामा को टीम से बाहर कर दिया गया है क्योंकि पाकिस्तान के पास पहले से ही शादाब खान और अबरार अहमद हैं। यूसुफ ने जोर देकर कहा कि न्यूजीलैंड की दोयम दर्जे की टीम के खिलाफ टी20 सीरीज में 2-2 की बराबरी खराब नहीं थी। उन्होंने कहा, 'यह सच है कि न्यूजीलैंड को कुछ मुख्य खिलाड़ियों की कमी खल रही थी, लेकिन यह भी पहली बार है कि हमने रोटेशन नीति को पूरी तरह लागू किया और नए खिलाड़ियों को सीरीज में आजमाया।

**मुख्य चयनकर्ता ने क्या कहा?**

मुख्य चयनकर्ता वहाब ने कहा, 'मोहम्मद रिजवान, हारिस रऊफ, आजम खान और इरफान खान नियाजी की फिटनेस को लेकर मसले उठे हैं, लेकिन उनकी फिटनेस में काफी सुधार हुआ है और हमें पूरा भरोसा है कि वे आगामी मैचों में खेलेंगे। वहाब ने तेज गेंदबाज हसन अली को आगामी दौरे के लिए वापस बुलाने को भी सही ठहराया और कहा कि वह पहले से ही विचाराधीन थे और मूल रूप से वह हारिस के लिए बैक अप हैं। अगर हारिस रऊफ फिट हैं और आगामी मैचों में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो वह हमारी पहली पसंद होंगे। उन्होंने गेंदबाजी शुरू कर दी है, लेकिन अगर वह फिट नहीं होते हैं तो हमारे पास हसन अली हैं। रऊफ पाकिस्तान सुपर लीग के शुरूआती चरण के दौरान अनफिट हो गए थे और फरवरी से नहीं खेले हैं।


# इंडोनेशिया से 1-4 से हारा भारत, ग्रुप सी में दूसरे स्थान पर रहा



**चेंगदू।** गत चैंपियन भारत बुधवार को यहां थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंडोनेशिया की मजबूत टीम के खिलाफ 1-4 से हार गया और अपने ग्रुप में शीर्ष पर नहीं पहुंच पाया। भारत और इंडोनेशिया दोनों पहले ही अपने शुरूआती दोनों मैच जीतकर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं लेकिन इंडोनेशिया ग्रुप सी के विजेता के रूप में नॉकआउट में जाएगा। इस मुकाबले में हार के बावजूद भारत के लिए सकारात्मक पक्ष एच एस प्रणय रहे जिन्होंने स्वास्थ्य समस्याओं से उबरकर वापसी करते हुए जीत दर्ज की। थॉमस कप 2022 के फाइनल भारत ने इंडोनेशिया को ही 3-0 से हराकर खिताब जीता था। पुरुष एकल में भारत के नंबर एक खिलाड़ी प्रणय ने शुरूआती मैच में पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए एंथनी गिंटिंग को 13-21, 21-12, 21-12 से हराकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। पहले पुरुष युगल मैच में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागस मौलाना से हार गई। इसी जोड़ी ने पिछली ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में भारतीय जोड़ी को हराया था। इंडोनेशिया की जोड़ी ने सात्विक और चिराग को 22-24, 24-22, 21-19 से हराया जिससे मुकाबला 1-1 से बराबर हो गया। लक्ष्य सेन इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के पुरुष एकल विजेता जोनाथन क्रिस्टी से 18-21, 21-16, 17-21 से हार गए जिससे भारत 1-2 से पिछड़ गया। 22 वर्षीय लक्ष्य ने नेट पर अपने प्रभावशाली खेल से दूसरा गेम जीतकर उम्मीदें जगाई थीं लेकिन तीसरे और निर्णायक गेम में क्रिस्टी ने बाजी मार ली। चौथे मैच में भारत के ध्रुव कपिला और साई प्रतीक को लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्थिन ने सीधे गेम में 22-20, 21-11 से हराकर इंडोनेशिया को 3-1 की विजयी बढ़त दिलाई। मुकाबले के अंतिम मैच में किदांबी श्रीकांत भी चिको ऑरा ड्वी वाडोयो से हार गए। श्रीकांत ने पहला गेम 21-19 से जीता लेकिन दूसरा और तीसरा गेम क्रमशः 22-24, 14-21 से हार गए। इससे पहले गिंटिंग के खिलाफ प्रणय पहले गेम में बुरी तरह से पिछड़ गए लेकिन उन्होंने अगले दो गेम जीतकर 2024 की अपनी सर्वश्रेष्ठ जीत में से एक दर्ज की। प्रणय ने मैच के बाद कहा, मुझे पता था कि गिंटिंग पहले गेम में काफी तेजी से खेलने वाला है। लेकिन मुझे पता था कि अगर मैं दूसरे गेम में 13-13 या 14-14 के स्कोर तक बना रहा तो मेरे पास मौका है। इस बीच यह पुष्टि हो गई है कि भारतीय महिला टीम उबेर कप के क्वार्टर फाइनल में जापान से भिड़ेगी।

# जीत के साथ प्लेऑफ में पहुंचेगी राजस्थान की टीम, हैदराबाद से है टक्कर





**हैदराबाद।** आईपीएल 2024 में आज 50वां मैच खेला जाएगा। यह मैच सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज राजस्थान की टीम अगर जीतती है तो प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर जाएगी। वहीं, सनराइजर्स की टीम पिछले दो मैच से पटरी से उतर गई है। इसलिए इस मैच में बहुत कुछ दांव पर होगा। हार से उनकी आगे की राह कठिन हो जाएगी। हैदराबाद अपने पिछले दोनों मैच गंवा चुकी

कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। इन पराजयों के बाद टीम शीर्ष चार से बाहर हो गई। चार जीत और चार हार के बाद अब दस अंक लेकर 2016 की चैंपियन टीम पांचवें स्थान पर है। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए नाकाम रहे हैं जिससे कोच डेनियल विटोरी को स्वीकार करना पड़ा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति गलत रही। चेज करते हुए फिसड्डी रही है हैदराबाद की टीम सनराइजर्स ने इस सत्र में पहले बल्लेबाजी करते हुए दो बार 250 से अधिक स्कोर बनाया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए 200 से अधिक का स्कोर एक बार भी हासिल नहीं कर सकी है। मुख्य कोच विटोरी ने आरसीबी से मिली हार के बाद कहा था- हम लक्ष्य देने में कामयाब रहे हैं और अब लक्ष्य का पीछा करना भी सीखना होगा। सनराइजर्स बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा पर काफी निर्भर है। दोनों के फ्लॉप होने पर सनराइजर्स की पारी भी चरमरा जाती है। एडेन मार्करम को अब अपने चिर परिचित फॉर्म में लौटना होगा जिनका बल्ला अभी तक खामोश रहा है।

**शानदार फॉर्म में चल रही राजस्थान की टीम**

दूसरी ओर राजस्थान का अब तक का सफर बेदाग रहा है। पहले सत्र की विजेता टीम ने हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया है और 16 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके पास जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन जैसे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। शिमरोन हेटमायेर और रोवमन पॉवेल के अलावा रियान पराग और ध्रुव जुरेल ने भी रन बनाए हैं। गेंदबाजी में उनके पास युजवेंद्र चहल, ट्रेंट बोल्ट का अनुभव और आवेश खान तथा संदीप शर्मा का जोश है।

# रन लेने के लिए नहीं दौड़े धोनी, इतनी देर में मिचेल ने पूरे किए दो रन



**चेन्नई।** महेंद्र सिंह धोनी को क्रिकेट के इतिहास का सर्वश्रेष्ठ फिनिशर माना जाता है। हालांकि, कभी-कभी बेस्ट को भी खराब समय का सामना करना पड़ता है। कुछ ऐसा ही बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबले में हुआ, जब धोनी ने आखिरी ओवर में अर्शदीप सिंह का सामना कर रहे थे। चार गेंद रहते उन्होंने बल्लेबाज डेरिल मिचेल को एक रन लेने से मना कर दिया। हैरानी की बात तो यह है कि मिचेल तब तक धोनी के छोर तक पहुंच चुके थे। इसके बाद धोनी ने मना किया और मिचेल फिर वापस नॉन स्ट्राइकर एंड पर भी लौट आए। यानी उन्होंने दो रन पूरे कर लिए। 20वें ओवर में धोनी अर्शदीप सिंह का सामना कर रहे थे। इस ओवर की दूसरी गेंद को माही ने स्वीपर कवर की ओर खेला, लेकिन रन लेने से इनकार कर दिया। इस बीच मिचेल रन लेने के लिए इतने उत्सुक थे कि वह धोनी के पास जाकर क्रीज को टैप करके और सुरक्षित नॉन-स्ट्राइकर एंड पर लौट भी आए। तकनीकी रूप से अगर धोनी रन के लिए दौड़ते तो वह और मिचेल के साथ सीएसके के कुल स्कोर में दो और रन जोड़ सकते थे। हालांकि, ऐसा लगा कि शायद धोनी को अपने साथी की क्षमताओं पर भरोसा नहीं था। वीडियो के रीप्ले में धोनी को मिचेल पर चिल्लाते हुए भी देखा गया। हालांकि, इसकी अगली दो गेंदों पर धोनी ने चौका और छक्का लगाया, जिससे फैंस जरूर एंटरटेन हुए, लेकिन एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कुछ फैंस यह देखकर खुश नहीं थे कि धोनी ने मिचेल जैसे अच्छे खिलाड़ी को रन लेने से मना कर दिया। इतना ही नहीं मिचेल नंबर आठ पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे। मिचेल बड़े शॉट लगाने और विस्फोटक पारियां खेलने में माहिर है और इस खिलाड़ी ने पिछले साल विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ बेहतरीन पारी खेली थी। ऐसे में 42 साल के धोनी का उन पर भरोसा न जताना हैरान करने वाला था। धोनी अंततः पारी की आखिरी गेंद पर रन आउट हो गए। वह इस सीजन पहली बार आउट हुए। चेन्नई ने 20 ओवर की समाप्ती पर 162/7 का स्कोर बनाया। जवाब में पंजाब किंग्स ने तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। यह पहली बार नहीं है जब धोनी ने अपने जोड़ीदार को स्ट्राइक देने या सिंगल लेने से इनकार किया हो। हालांकि, इनमें से ज्यादातर मामलों में उनके साथी के रूप में कोई टेलेंडर शामिल था।

# पीसीबी ने भारत के सारे मैच लाहौर में शेड्यूल किए



**नई दिल्ली।** आगामी टी20 विश्व कप के काउंटडाउन के साथ अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी की भी सुगबुगाहटें तेज हो गई हैं। अगले साल होने वाला चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट पाकिस्तान में प्रस्तावित है। इस टूर्नामेंट की आठ साल बाद वापसी होगी। 2017 में खेले गए पिछले संस्करण में पाकिस्तान ने ही जीत हासिल की थी। 1996 के बाद पाकिस्तान पहली बार किसी आईसीसी ट्रॉफी की मेजबानी करने जा रहा है और वह भी अकेले। ऐसे में इसको लेकर पीसीबी की ओर से जोरशोर से तैयारियां की जा रही हैं। पीसीबी ने एक साल पहले ही इसके वेन्यू का भी एलान कर दिया है। कराची, लाहौर और रावलपिंडी जैसे तीन शहरों को टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए चुना गया है। इसी कड़ी में मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई है कि पीसीबी ने भारत के सारे मैच लाहौर में शेड्यूल किए हैं। पीसीबी ने आईसीसी को टूर्नामेंट का ड्राफ्ट शेड्यूल भेज दिया है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत के सभी मैच लाहौर में तय किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पीसीबी टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए फरवरी के मध्य के विंडो पर नजर गड़ाए हुए है। पीसीबी ने लाहौर को भारत के लिए वेन्यू चुनने को लेकर तीन कारणों पर जोर दिया। इनमें से पहला यह है कि लाहौर वाघा बॉर्डर (भारत और पाकिस्तान के बीच क्रॉसिंग) के करीब है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि लाहौर ही चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल की मेजबानी भी करेगा। लाहौर को वेन्यू चुनने के पीछे दूसरा कारण यह है कि पीसीबी को सुरक्षा तैयारियों में भी आसानी रहेगी और बॉर्डर से ज्यादा दूर न होने के कारण भारतीय फैंस को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। भारतीय टीम ने पिछले 17 साल से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है और टीम ने आखिरी दौरा 2008 एशिया कप में किया था। दोनों देशों के बीच राजनीतिक और कूटनीतिक संबंधों में तनाव के कारण दोनों देशों के बीच पिछले 11 साल से अधिक समय से कोई द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज नहीं खेली गई है। पिछले साल एशिया कप एक हाइब्रिड मॉडल में खेला गया था क्योंकि भारत ने पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया था जो कि मूल रूप से पूरे टूर्नामेंट के लिए मेजबान था। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम ने फाइनल सहित अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। वहीं, अक्तूबर में पाकिस्तान की टीम ने वनडे विश्व कप में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा की और पांच स्थानों- हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, कोलकाता और अहमदाबाद में अपने मैच खेले थे।

**आईसीसी महाप्रबंधक का पाकिस्तान दौरा**

आईसीसी के महाप्रबंधक वसीम खान ने हाल ही में लाहौर का दौरा किया था जहां उन्होंने पीसीबी से चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर बातचीत की थी और टूर्नामेंट के लिए टीम इंडिया के संभावित कार्यक्रम को लेकर उनकी दिलचस्पी ज्यादा थी। पीसीबी सूत्र ने कहा, 'वसीम हाल ही में लाहौर गए थे जहां उन्होंने पीसीबी के शीर्ष अधिकारियों के साथ चैंपियंस ट्रॉफी के इंतजामों पर चर्चा की और यह सुझाव दिया गया कि भारतीय टीम का यात्रा न्यूनतम रखी जाए।' पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि सभी टीमें तय कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी खेलेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि स्टेडियम के नवीनीकरण का काम जल्द ही शुरू होगा।

# शिवम दुबे को रिंकू पर क्यों मिली तरजीह? कप्तान रोहित ने खुद किया खुलासा



**नई दिल्ली।** रिंकू सिंह की जगह बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे को टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था। माना जा रहा था कि पिछले कुछ महीने से लगातार भारतीय टीम का हिस्सा रहे रिंकू सिंह वैश्विक टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम का हिस्सा होंगे और फिनिशर की भूमिका अदा करेंगे। हालांकि, मंगलवार को अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टूर्नामेंट के लिए घोषित हुई 15 सदस्यीय टीम में रिंकू का नाम शामिल नहीं था और शिवम दुबे भारतीय टीम में जगह बनाने में सफल रहे थे। हालांकि अब भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने खुद इस बारे में जानकारी दी है कि शिवम दुबे का चयन किस आधार पर किया गया।

**'आईपीएल के आधार पर हुआ दुबे का चयन'**

रोहित ने कहा कि मध्य ओवरों में टीम की जरूरत का काफी ध्यान रखा गया। उन्होंने शिवम दुबे को लेने पर कहा, हमें समझना होगा कि पिचें और विरोधी टीम का संयोजन कैसा होगा। हमें बीच के ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी की जरूरत है। शीर्ष क्रम ठीक खेल रहा है, लेकिन दूसरे विकल्प भी हैं। हम चाहते थे कि मध्य ओवरों में भी कोई इसी तरह की भूमिका निभाए और फ्री होकर खेले। हमने शिवम दुबे को आईपीएल और उससे पहले कुछ मैचों में उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना है। हमने इस बारे में बात की और उनका चयन किया। हालांकि, इसकी कोई गारंटी नहीं है कि अंतिम एकादश कैसी होगी। यह अभ्यास और विपक्षी टीम पर आधारित होगी।

**बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी भी करते हैं शिवम**

रिंकू की जगह शिवम दुबे को मौका मिला था। संभवतः इसकी वजह यही थी कि दुबे बल्ले के साथ-साथ गेंदबाजी भी करना जानते हैं और जरूरत पड़ने पर गेंदबाजी कर सकते हैं। दुबे ने मौजूदा आईपीएल में सिर्फ एक मैच में गेंदबाजी की है। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ इस सीजन पहली बार गेंदबाजी की और एक विकेट भी अपने नाम करने में सफल रहे थे।

**'टीम में चार स्पिनर चाहता था'**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अजीत अगरकर के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, टीम प्रबंधन टी20 विश्व कप में चार स्पिनरों के चयन को लेकर स्पष्ट था और शीर्ष 15 खिलाड़ियों को चुनने में आईपीएल की बहुत भूमिका नहीं थी। मैं बताना चाहूंगा कि मैं चार स्पिनर चाहता था। हमने वहां क्रिकेट खेली है। मैच सुबह 10 बजे शुरू होते हैं और इसमें काफी तकनीकी पहलू भी हैं। मैं चार स्पिनर चुनने का कारण अभी नहीं बताऊंगा। हालांकि टीम में चार स्पिनर में से दो ऑलराउंडर हैं और इससे टीम को संतुलन मिलता है। विपक्षी टीम को देखकर हमें संयोजन चुनने होंगे।

# चार भारतीय एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी के सेमीफाइनल में



**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** (आईएएनएस) भारतीय मुक्केबाज मंडेंगबाम जादुमणि सिंह, निखिल, अजय कुमार और अंकुश ने यहां एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों के अंडर-22 सेमीफाइनल में प्रवेश करने के लिए गुरुवार को प्रभावशाली जीत दर्ज की। जादुमणि ने 51 किग्रा क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भूटान के फुंटशो किनले को 5-0 से हराकर भारत की बढ़त बना ली। निखिल (57 किग्रा) ने प्रभुत्व का समान प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान के बख्तियोरोव अयूबखोन पर 4-0 से जीत हासिल की और भारत की जीत की गति जारी रखी। अजय (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) ने रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट (आरएससी) के फैसले से अपने-अपने मुकाबले जीते। अजय ने पहले राउंड में ही मंगोलिया के डेमडिंडोर्ज पी के खिलाफ मुकाबला जीत लिया, जबकि अंकुश ने कोरिया के ली जू सांग के खिलाफ तीसरे राउंड में अपना मुकाबला समाप्त किया। इस बीच, आशीष पुरुषों के 54 ग्राम क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया के ओयुन एर्डीन ई के खिलाफ 2-3 से हार गए।

# भारतीय महिला हॉकी टीम में बड़ा बदलाव, सविता पूनिया की जगह सलीमा टेटे बनीं कप्तान



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। दरअसल मिडफील्डर सलीमा टेटे को सविता पूनिया की जगह टीम की कमान सौंपी गई है। बता दें कि, इस महीने के आखिर में होने वाले एचआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। जबकि नवनीत कौर को उपकप्तान चुना गया है।

वहीं सलीमा ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि, मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं। साथ ही उन्होंने कहा, एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है।

सविता ओलंपिक क्वालीफायर और उसके बाद प्रो लीग मैचों में भारत की कप्तान रही थी। बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में 1 से 9 जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा। लंदन चरण में टीम ब्रिटेन और जर्मनी से खेलेगी। भारत इस समय प्रो लीग तालिका में छठे स्थान पर है। सलीमा को हाल ही में हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में बलबीर सिंह सीनियर वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला था।

# हार्दिक को उपकप्तान बनाने पर भड़का यह पूर्व ऑलराउंडर



**नई दिल्ली।** हार्दिक पांड्या के लिए परेशानी खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं और एक बार फिर पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने उनकी आलोचना की है। इरफान को हार्दिक का टी20 विश्व कप में कप्तान बनना रास नहीं आया है। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में हार्दिक की भारतीय क्रिकेट के प्रति प्रतिबद्धता पर सवाल उठाते हुए कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह जैसा खिलाड़ी अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में हार्दिक की जगह उपकप्तान की भूमिका निभाने में अधिक सक्षम थे। लगातार पांड्या की आलोचना कर रहे हैं इरफान इरफान पठान पिछले कुछ समय से लगातार हार्दिक पांड्या की आलोचना कर रहे हैं। हार्दिक आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की कमान संभाल रहे हैं और उनके खराब प्रदर्शन के कारण इरफान कई बार सोशल मीडिया पर हार्दिक को खरी खोटी सुना चुके हैं। मालूम हो कि इरफान 2007 टी20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य थे और उन्होंने फाइनल में अच्छा प्रदर्शन किया था। हार्दिक ने बड़ौदा के लिए करीब पांच साल से कोई घरेलू क्रिकेट नहीं खेला है और संभवतः इरफान इस बात से खुश नहीं हैं। 'हार्दिक उपकप्तान बनने के हकदार नहीं हैं' इरफान ने कहा, हार्दिक पांड्या को उपकप्तान बनाने पर जो सवाल आए हैं उस पर मैं नेतृत्व में निरंतरता के महत्व के कारण इसके पीछे के तर्क को समझता हूं। मौजूदा प्रदर्शन को देखते हुए चयनकताओं द्वारा निरंतरता का विकल्प चुनना समझ आता है। हालांकि मेरा मानना है कि बुमराह जैसा कोई खिलाड़ी खराब विकल्प नहीं होता। मेरा मानना है कि हार्दिक उपकप्तान बनने के हकदार नहीं हैं।

**इरफान ने हार्दिक की प्रतिबद्धता पर खड़े किए सवाल**

इरफान ने एक स्पोर्ट्स चैनल से कहा, विश्व कप के बाद एक नई योजना थी। उन्होंने हार्दिक और सूर्यकुमार यादव के संभावित कप्तान के रूप में एक युवा टीम बनाने का लक्ष्य रखा। फिर भी हार्दिक के प्रदर्शन की निरंतरता और भारतीय क्रिकेट के प्रति प्रतिबद्धता पर सवाल उठे। पूरे साल भारतीय क्रिकेट की सेवा करने के लिए घरेलू क्रिकेट में नियमित भागीदारी जरूरी है। चोट लगना एक अलग बात है, लेकिन घरेलू क्रिकेट सहित लगातार मैच खेलने वाली उचित योजना खिलाड़ी की वापसी के लिए महत्वपूर्ण है। एक ऐसा खिलाड़ी भी है जो उन्हीं आवश्यकताओं को पूरा किए बिना वापसी करता है। ऐसा नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे टीम के बाकी खिलाड़ियों को गलत संदेश जाता है।

# आग से कई बीघा फसल जलकर राख



**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के कुचेसर चौपले पर स्थित झिलमिल ढाबे के पास हाईटेंशन तारों से निकली चिंगारी से गुरुवार को दोपहर खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। ग्रामीण कुछ समझ पाते उससे पूर्व ही करीब पांच बीघा की फसल जलकर राख हो गई। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

**आग बुझाने का किया प्रयास**

इस दौरान किसानों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया और ट्रैक्टर से जुताई कर आग को आगे फैलने से रोका। बाद में फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंची और आग पर पूरी तरह से काबू पाया। जिससे किसान को काफी नुकसान उठाना पड़ा है।

### एक चिंगारी ने कई बीघा खेत जलाए

दरअसल, गांव रसूलपुर बहलोलपुर के रहने किसान श्याम सिंह के खेतों में गेहूं की फसल पकी हुई खड़ी थी। आसपास के खेतों में फसल की कटाई चल रही थी। दोपहर में अचानक तेज हवा चलने से हाईटेंशन लाइन के तार आपस में टकरा गए। तारों के आपस में टकराने पर निकली चिंगारी से खेत में गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कई बीघे गेहूं की फसल जल गई। ग्रामीणों नें सूचना तुरंत ही बिजली विभाग को सूचना दी, बिजली आपूर्ति को बंद कराया गया हैं।

# लीलावती राम गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में
## चतुर्थ श्रेणी सहयोगी बंधुओं को किया सम्मानित





**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र स्थित लीलावती राम गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर में श्रमिक दिवस को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश बाबू द्वारा चतुर्थ श्रेणी सहयोगी बंधुओं को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया और उनके द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कुर्सी दौड़ व नींबू चम्मच दौड़ में विपिन शर्मा प्रथम रहे तथा सुई धागा दौड़ में सरिता प्रथम स्थान पर रही। वंदना सत्र में स्कूल के प्रधानाचार्य महेश बाबू द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के उप प्रधानाचार्य कमल सिंह ने कहा कि किसी भी संस्था की उन्नति में उसके कर्मचारी अथवा सहयोगियों का बहुत योगदान होता है वे संस्था के हाथ/ पैर, आंख /कान सभी का कार्य करते हुए संस्था को उन्नति की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम की संयोजिका मीनू चौधरी रही, इस मौके पर स्कूल के सभी अध्यापक अध्यापिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




# अब थानों में कम नहीं पड़ेंगी कुर्सियां



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बजट पर्याप्त मिल रहा है और बजट का इस्तेमाल भी भरपूर हो रहा है। वहीं थानों में समान और व्यवस्थाओं पर भी फर्क दिखना शुरु हो गया है। सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अधिकांश थानों के लिए फर्नीचर और प्लास्टिक वाली नई कुर्सियों की व्यवस्था कर दी गई है। वहीं गर्मियों में कूल-कूल वाला पानी मिले इसका भी प्रबंध हुआ बताया जा रहा है। पहले आलम यह था कि कई थानों और कार्यालयों में फरियादियों को बैठने के लिए वेट करना पड़ता था और स्थान नहीं मिलता था। कहा जा रहा है कि अब पर्याप्त संख्या में कुर्सियां आ गई हैं। इसी के साथ पानी के कूल वाले थरमस और अन्य व्यवस्था भी की गई है। सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों इसके लिए बजट आया था। बजट के बाद यह व्यवस्था की गई है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट में आईपीएस अधिकारियों के आवास पर कैंप कार्यालय और कुछ खास अधिकारियों के अधीनस्थ कर्मचारियों के भी कार्यालय का पुनर्निर्माण का काम चल रहा है। बताया जा रहा है कि यह निर्माण भी आधुनिक और बेहतरीन किया जाएगा। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि अब प्रत्येक थाने के कार्यालय में कुर्सियों की संख्या डबल हो गई है। वैसे भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम बनने के बाद उपनिरीक्षकों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। आलम यह हो गया था कि पुराने दरोगा खड़े रहते थे और नए कुर्सी पड़े रहते थे। यह सीन पुलिस कमिश्नरेट के कई थानों में देखा भी गया था। ऐसे में अव्यवस्था न बने, इसके लिए थानों में अब पर्याप्त कुर्सियां रहेंगी। उधर गुरुवार को कमिश्नरेट में ऐसा सीन देखने को मिला कि एक कमिश्नरेट के अन्य जिलों के लिए जो फोर्स जाना था वह दोपहर तक रवाना हुआ। इन सबके बीच सूचना यह भी प्राप्त हुई है कि कई क्यूआरटी वाली टीमों को भी पुलिसिंग में ले लिया गया है। वहीं थानों का फोर्स और चौकियों का फोर्स आधे से भी काम हो गया है। अभी तीसरे चरण के लिए मतदान संपन्न कराने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से भी बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को भेजा गया है। 7 मई को अगला मतदान होना है। इन सब के बीच जानकारी मिल रही है कि अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कुर्सियों की कमी नहीं रहेगी, ऐसा दावा हो रहा है।

# दबंगों ने मारपीट कर किया घायल, चार के खिलाफ रिपोर्ट

**मुरादनगर(करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र की पठानान कॉलोनी में सड़क पर खड़ी बाइक हटाने को लेकर दंबगों ने घर में घुसकर एक परिवार को मारपीट कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं धारदार हथियार से वार कर एक युवती का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर की पठानान कॉलोनी निवासी शाहरुख परिवार सहित रहते हैं। शाहरुख ने बताया कि उनके घर पर मेहमान आए हुए थे। बाइक पड़ोसी उस्मान के घर के बाहर खड़ी हुई थी। शाहरुख ने बाइक हटाने को कह दिया। इस बात को लेकर कहासुनी व मारपीट हो गई। उस समय तो मामला शांत करा दिया, लेकिन थोड़ी देर बाद ही दंबगों ने शाहरुख के घर पर




हमला बोल दिया और जमकर मारपीट की। मारपीट में वकील अहमद व उनकी पुत्री रवीना गंभीर रुप से घायल हो गई। धारदार हथियार से वार कर रवीना का सिर फोड़ दिया। गंभीर हालात में दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शाहरुख ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने उस्मान ,शादाब ,जुबैर व खतीजा निवासी छितरा वाली कॉलोनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# श्याम बाबा के कीर्तन में शांति और सद्भाव के लिए प्रार्थना की





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारी राजेश वर्मा के निवास 262 ए रामनगर में श्याम बाबा के कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंडित अशोक भारतीय, संदीप त्यागी रसम, सौरभ यादव आदि पदाधिकारियों ने श्याम बाबा से कीर्तन में प्रार्थना की कि वर्तमान में विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव के दौरान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सौ से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी जैसे ईमेल मिलने की कठोर शब्दों में निंदा की तथा चुनाव प्रक्रिया के दौरान इस तरह की कायरतापूर्ण कार्रवाई को चुनाव को प्रभावित करने वाला बताया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के दिल्ली हरियाणा आदि में चुनाव होना है इस पर कठोर कार्रवाई करके शीघ्र से शीघ्र पदार्फाश करने की राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने मांग की।

इस अवसर पर सूरज भान, आनंद प्रकाश वर्मा ,डॉक्टर ओपी अग्रवाल ,संदीप त्यागी रसम, गिरीशजी, हरीश, नरेश वर्मा, राजेश वर्मा, अमित वर्मा, तरुण, तनिष्का वर्मा, सार्थक वर्मा ,रश्मि वर्मा, गीता वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### धोखे से एटीएम कार्ड बदलकर 4.75 लाख रुपए निकाले



**लोनी,करंट क्राइम।** एटीएम में मदद का झांसा देकर युवक से उसकी मां के क्रेडिट कार्ड का कोड पता कर लिया और धोखे से कार्ड बदलकर उसके खाते से 4.75 लाख रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है। ट्रॉनिका सिटी थाने की दौलतनगर कॉलोनी निवासी शादाब ने बताया कि 25 अप्रैल को अपनी मम्मी का एटीएम कार्ड लेकर पाबीसादकपुर गांव में एचडीएफसी बैंक के एटीएम से पैसे निकालने गया था। वहां एक बदमाश ने मदद के बहाने कार्ड का कोड देख लिया और धोखे से कार्ड बदलकर तीन दिन में उसकी मम्मी के खाते से 1.75 लाख नकद तथा तीन लाख रुपए साइबर कैफे से निकाल लिए। पीड़ित ने अज्ञात बदमाश के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### चोरी के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार




**लोनी,करंट क्राइम।** पुलिस ने आभूषण विक्रेता की दुकान से गहने चोरी के मामले में वांछित चल रहे 20 हजार के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि 11 जनवरी को लोनी बार्डर थाने के बेहटाबंद फाटक के पास स्थित आभूषण विक्रेता सोनू की दुकान से लाखों रुपए के गहने चोरी कर लिए गये थे जिसको घुमन्तु जाति के बदमाशों ने अंजाम दिया था। पुलिस इस मामले में पहले ही 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि मध्य प्रदेश का कोहिनूर फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 20 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया था। गुरुवार को पुलिस ने कोहिनूर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से चांदी के आभूषण, बर्तन, पर्स और तमंचा आदि बरामद हुआ है।

### पड़ोसी पर गोली दागने का आरोपी गिरफ्तार



**लोनी,करंट क्राइम।** तेज आवाज में म्यूजिक बजाने का विरोध करने पर दबंगों ने पड़ोसी की गोली मारकर हत्या का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध घटना की रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ट्रॉनिका सिटी थाने की रामपार्क विस्तार कॉलोनी निवासी अजय अवस्थी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उसने मौहल्ले में तेज आवाज में म्यूजिक बजा रहे सन्नी, सचिन, हिमांशु और दीपक से आवाज मंदी करने को कहा था जिसको लेकर वह नाराज हो गए। आरोप है कि 22 अप्रैल की रात करीब 8.52 बजे वह घर के दरवाजे पर खड़ा था इसी दौरान उक्त युवक आए और उसको टॉरगेट करते हुए गोली दाग दी। उसने घर के दरवाजे के पीछे छिपकर जान बचाई। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि सन्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में सन्नी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि कहासुनी के बाद उसने अपने साथियों के साथ मिलकर अजय अवस्थी पर गोली दागी थी और तमंचे को यमुना नदी में फेंक दिया था।

### युवक के साथ मारपीट की



**लोनी, करंट क्राइम।** घर के दरवाजे पर बैठे युवक के साथ दबंगों ने मारपीट की तथा उसकी बहन के साथ छेड़छाड़ की जबकि बीच बचाव में उसकी मां के गले से सोने की चेन खो गई। ट्रॉनिका सिटी थाने की ग्रीन सिटी कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने बताया कि 30 अप्रैल को उसका बेटा घर के दरवाजे पर बैठा था। इसी दौरान अनवर, अजहर, अरबाज और इरफान ने उसके बेटे के साथ गाली गलौच और मारपीट की। उसकी बेटी और पत्नी बीच बचाव में आई तो बेटी के साथ छेड़छाड़ की तथा पत्नी के गले से सोने की चेन टूटकर गिर गई। पीड़ित ने उक्त आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### हेयर ड्रेसर की दुकान से नकदी व सामान चोरी , रिपोर्ट




मुरादनगर( करंट क्राइम)। नगर क्षेत्र के गांव धेदा में बदमाश हेयर ड्रेसर की दुकान का ताला तोड़कर इन्वर्टर बैट्री व दस हजार रुपए की नकदी चोरी करके ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। गांव मुरादपुर पुर्सी निवासी इसराइल गांव धेदा में हेयर ड्रेसर की दुकान करते हैं। उन्होंने बताया कि जब वह सुबह दुकान पर पहुंचे तो शटर उखड़ा पड़ा हुआ था। बदमाश दुकान से इन्वर्टर ,बैट्रा व दस हजार रुपए की नकदी चोरी करके ले गए। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# दुआ करते समय मस्जिद परिसर में बुजुर्ग का हार्ट फेल

**मुरादनगर(करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र की आदर्श नगर कॉलोनी स्थित छप्परा वाली मस्जिद परिसर में मगरिब की नमाज अदा करने से पहले दुआ करते समय एक 70 वर्षीय बुजुर्ग को अचानक हार्ट अटैक आ गया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हार्ट अटैक आने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, हालांकि ब्यूरो वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। नगर की आदर्श नगर कॉलोनी निवासी 70 वर्षीय हाजी हनीफ अपने परिवार के साथ रहते थे। हाजी हनीफ बुधवार शाम सात बजे के आसपास कॉलोनी स्थित छप्परा वाली मस्जिद में मगरिब की नमाज अदा करने के लिए गए थे। बताया जा रहा है कि वह नमाज पढ़ने से पहले दुआ कर रहे थे। बताया जा रहा है कि जब वह दुआ कर रहे थे तो अचानक पीछे को गिर गए। वहां पर मौजूद लोग तुरन्त उन्हें उठाकर स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। हार्ट अटैक आने का वीडियो मस्जिद परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। मृतक के पुत्र जफर ने बताया कि हार्ट फेल होने से मौत हुई है। वह गंभीर रुप से बीमार नहीं थे।

## महिला की लाश मिलने से मचा हड़कंप

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर में एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। महिला की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना पर गांव में अफरा तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रेखा अपने पति के साथ अपना मायके में ही रहती है और उसके दो बेटे है। बड़ा बेटा 12 साल और छोटा 10 साल का है। पति नोएडा में एक दूध कंपनी की गाड़ी चलाता है, जबकि उसका भाई कुचेसर चौपला स्थित एक दूध की डेयरी पर काम करता है। घर में बुधवार की रात को रेखा और उसके बच्चे थे, पति और भाई काम पर गए हुए थे।

# उत्तराखंड के शातिर बदमाश से यूपी पुलिस की मुठभेड़, देवनगरी में मचाया हुआ था आतंक

**हापुड़।** थाना देहात पुलिस और शातिर बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश की देहरादून पुलिस को तलाश थी और उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि थाना देहात पुलिस संदिग्ध लोगों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच बाइक पर सवार होकर एक संदिग्ध आता दिखाई दिया। पुलिस ने आरोपी को रुकने का इशारा किया तो वह पुलिस टीम पर



फायरिंग करते हुए भागने लगा। पुलिस टीम ने आरोपी का पीछा कर घेराबंदी करते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की तो गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। घायल को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाश शातिर अपराधी है। जिसकी उत्तराखंड के जिला देहरादून में बंसत विहार थाना पुलिस डकैती के मामले में तलाश कर रही थी। देहरादून पुलिस ने अपराधी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में घायल बदमाश ने अपना नाम कपिल कुमार उर्फ रावण निवासी ग्राम नियामू थाना चरथावल जिला मुजफ्फरनगर बताया है। आरोपी के कब्जे से अवैध हथियार, कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी पर लूट और डकैती समेत अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज है।

# मुरब्बा कारोबारी से ठगे 2.54 लाख रुपये

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मुरब्बे व्यापारी को साइबर अपराधियों ने झांसे में लेकर 2.54 लाख रुपये अपने खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित को जब ठगी का एहसास हुआ तो उसने नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नबी करीम चंडी मन्दिर के रहने वाले करण सिंह कर्दम ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह आचार-मुरब्बे का व्यापार करते है। 8 जून 2023 की सुबह संदीप रावत नाम से उसके मोबाइल पर कॉल आई, उसने कहा कि 8 टीन मुरब्बे के शिवा पब्लिक स्कूल, न्यू शिवपुरी में भेज दो और सामान मिलने के बाद वह ई-रिक्शा चालक को भुगतान कर देगा। व्यापारी ने बताए गए पते पर ई-रिक्शा



चालक विक्रम को सामान लेकर भेज दिया। इसी बीच संदीप रावत ने दोबारा कॉल की और कहा कि उनका आर्मी डिपार्टमेंट है। उसके जो अफसर है मुरब्बे या माल की पेयमेंट देंगे उनके डिपार्टमेंट के एचआर मैनेजर और डिपार्टमेंट के इंचार्ज है उनकी कॉल आपके पास आएगी। इस मामले में नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार बताया कि पीड़ित की तहरीर पर संदीप और कुलदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ कर मामले का पदार्फाश किया जाएगा।

### मेरठ में खुद को बताया तैनात

वहीं इसके बाद पीड़ित पास एक फोन आया। जिसने खुद को कुलदीप सिंह बताते हुए बताया कि वह मेरठ आर्मी का एकाउंटेंट अधिकारी है। हम जो आपसे बात कर रहे है आपकी और हमारी सारी बात हमारे आर्मी डिपार्टमेंट में रिकार्ड की जाती है। आरोपी ने एक फोन नंबर देते हुए कहा कि इस पर पहले आप 5 रुपये डालो और वह उनकी सारी रकम का ऑनलाइन पेमेंट उनके पेटीएम एकाउंट में भेज देंगे। पीड़ित ने झांसे में आकर 5 रुपये पेटीएम (ढं८३) कर दिए। इसके बार उसके पेटीएम पर 10 रुपये आए। कुलदीप सिंह ने फोन द्वारा दस रुपये उनके खाते में आने के बारे में पूछा। कुलदीप सिंह ने फिर उनसे उल्टा कहा है आर्मी डिपार्टमेंट का रूल है कि हम जिससे व्यापार कर रहे है यह आदमी सही इसलिये उनके खाते में 11,995 रुपये डाल दें, पीड़ित ने उनकी बातों में आकर 11,995 रुपये का पेमेंट कर दिया। आरोपी ने कुलदीप सिंह ने बातों में फंसाकर कई बार में कुल 2,54, 833 रुपये अपने खाते में ट्रांसफार्मर करा लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने 1930 पर फोन कर और पुलिस अधिकारियों को जानकारी दी। उन्होंने आरोपियों को पकड़ कर उसकी धनराशि वापस दिलाने का अनुरोध किया।

## बकरी चोर गैंग का पर्दाफाश

**हापुड़।** सिम्भावली थाना पुलिस ने बकरी चोरी करने वाले गैंग का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी स्विफ्ट कार से गांव पहुंचते थे। फिर कार में बकरियों को भरकर फरार हो जाते थे। गैंग ने अब तक सैकड़ों बकरियां कार से चोरी कर बेच चुके हैं। पुलिस ने बताया कि यह गैंग इलाके में इतना सक्रिय था कि दिन व रात के अंधेरे में पलक झपकते ही बकरियों के झुंड को स्विफ्ट में भरकर फुर्र हो जाते थे। हाल ही में सिम्भावली थाना क्षेत्र में एक गांव से बड़ी संख्या में बकरियों की हुई चोरी के मामले में जब पुलिस ने गहनता से जांच पड़ताल शुरू की, तो इस गैंग का खुलासा हुआ। पुलिस को पता चला कि स्विफ्ट गाड़ी लेकर यह गैंग बकरियां चोरी करता है। इस गैंग के दो सदस्यों को सिम्भावली थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# युवक ने लगाया गोली मारने का आरोप, पुलिस की नजर में मामला संदिग्ध

मुरादनगर( करंट क्राइम)। नगर क्षेत्र की ईदगाह कॉलोनी में किशोर को गोली मारने का मामला सामने आया है। पुलिस गोली लगने की बात को संदिग्ध मान रही है। युवक को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर की ईदगाह कॉलोनी निवासी चांद व उनका भाई शाहरुख तीन दिन पूर्व कहीं जा रहे थे। जब वह बीच रास्ते पर पहुंचे तो उनका कॉलोनी के रहने वाले दो युवकों से विवाद हो गया। उस समय तो विवाद शांत करा दिया। गुरुवार को चांद कही जा रहे थे। आरोप है कि दंबगों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट करनी शुरू कर दी। चांद का आरोप है कि एक युवक ने गोली चलाकर उनके हाथ में मार दी।

जब उसे बचाने के लिए महिला परवीन आई तो उनके साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि यदि तीन दिन पहले रिपोर्ट दर्ज कर ली जाती तो शायद आज यह घटना नहीं होती। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि गन शार्ट लगने की बात पूरी तरह से गलत है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी की रिपोर्ट 12 दिन बाद दर्ज हुई




**लोनी,करंट क्राइम।** घर से नकदी और गहने चोरी हो जाने की रिपोर्ट पुलिस ने 12 दिन बाद दर्ज कर ली है। इस घर में तीसरी बार चोरी हुई है। जबकि एक मैरिज होम के बाहर खडी कार से चोरों ने नकदी और कीमती सामान साफ कर दिया। पुलिस ने दोनों ही घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लोनी थाने की रामवाटिका कॉलोनी निवासी अजमेरु ने बताया कि 18 अप्रैल को उसके परिजन गांव गए हुए थे। वह घर का ताला बंद कर अपनी डयूटी पर चला गया। शाम को वापस लौटा तो घर की कुंडी ताला उखड़ा हुआ था और घर के अंदर रखी 90 हजार की नकदी और करीब दो लाख रुपए के गहने चोरी हो चुके थे। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को उसी दिन तहरीर दे दी थी, लेकिन पुलिस ने 12 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की। दूसरी ओर बेहटा हाजीपुर की मोलाना आजाद कॉलोनी निवासी मुज्जलिम ने बताया कि 29 अप्रैल की सुबह 10 बजे वह लोनी गाजियाबाद रोड पर स्थित एक मैरिज होम में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने गया था। उसकी सेंट्रो कार मैरिज के बाहर खडी थी जिसमें 30 हजार की नकदी और कुछ कीमती सामान रखा हुआ था। मैरिज होम से बाहर आया तो कार से नकदी और सामान चोरी हो चुका था। पुलिस ने दोनों ही घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## मुलाकात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुरादनगर के सपा नेताओं ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव से बदायूं में आदित्य यादव के चुनाव पर चर्चा की। शिवपाल सिंह यादव से मुरादनगर निवासी वरिष्ठ सपा नेता फारूक चौधरी, वरिष्ठ सपा नेता शोएब चौधरी, नगर अध्यक्ष आदि ने बदायूं जाकर एक शिष्टाचार मुलाकात की।



# हर बार की तरह अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए जारी की गई भविष्यवाणी

- 'अमेरिका के नास्त्रेदमस' ने की चुनाव की भविष्यवाणी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नास्त्रेदमस कहे जाने वाले एलन लिक्टमैन राष्ट्रपति चुनाव से पहले हमेशा भविष्यवाणी करते हैं। सबसे खास बात यह है कि उनकी भविष्यवाणियां अक्सर सही साबित होती हैं। पिछले 10 अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में से नौ भविष्यवाणियां एकदम सही निकली हैं, जिनकी वजह से उन्हें एक अलग पहचान मिली है। लिक्टमैन ने फिलहाल यह नहीं बताया है कि इस बार कौन जीतेगा। हालांकि, कार्यालय पर कौन कब्जा करेगा इसकी सटीक भविष्यवाणी करने के लिए उन्होंने एक मॉडल पेश किया है, जिसे वह 'व्हाइट हाउस के लिए 13 कुंजी' कहते हैं।

### ऐसे तैयार किया है मॉडल

कुंजियां, जिनमें सही या गलत प्रश्नों की श्रृंखला, आर्थिक प्रदर्शन, सामाजिक स्थिरता और मौजूदा करिश्मा सहित विभिन्न कारकों का आकलन करना शामिल है। अब्राहम लिंकन के समय के बाद से ऐतिहासिक डाटा के सावधानीपूर्वक विश्लेषण के माध्यम से लिक्टमैन ने एक पूवार्नुमानित मॉडल तैयार किया है जो पारंपरिक चुनाव विशेषज्ञों द्वारा उपयोग किए जाने वाले पारंपरिक तरीकों से परे है।

### इस तरह की जाती है भविष्यवाणी

एलन लिक्टमैन ने कहा, 'मैंने अभी तक अंतिम भविष्यवाणी नहीं की है, लेकिन मेरे पास व्हाइट हाउस के लिए 13 कुंजियों का एक मॉडल है जो 1984 के बाद से भविष्यवाणियों को सही साबित करता आ रहा है। जिस तरह से यह काम करता है वह यह है कि यदि 13 में से छह या अधिक कुंजी वर्तमान पार्टी के खिलाफ जाती हैं तो उनके हारने की भविष्यवाणी की जाती है। यदि छह से कम है तो उनके जीतने की भविष्यवाणी की जाती है।

उन्होंने कहा, 'इस चुनाव में जो बाइडन के हारने के लिए अभी बहुत कुछ गलत करना होगा। वह इस समय सिर्फ दो कुंजियों से नीचे है। बाइडन को डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दूसरी बार चुनौती दिए जाने की उम्मीद है, जो नवंबर में होने वाले 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के लिए रिपब्लिकन पार्टी का चेहरा बनने की संभावना है।

लिक्टमैन का कहना है कि बाइडन को चुनौती देने वालों की राह आसान नहीं होने वाली है।

डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में सामने आए चौंकाने वाले तथ्य

# यूरोपीय क्षेत्रों में बच्चों में बढ़ते मोटापे का संबंध कोविड-19 से होने की पुष्टि

**विशेष।** यूरोपीय क्षेत्र में विश्व स्वास्थ्य संगठन कार्यालय ने अपनी एक नई रिपोर्ट में कोविड-19 महामारी और 7 से 9 वर्ष की आयु के बच्चों में मोटापे की बढ़ती दर के बीच संबंध की पुष्टि की है।

यूएन विशेषज्ञों के अनुसार, बच्चों ने फोन, लैपटॉप या अन्य उपकरणों की स्क्रीन पर कहीं अधिक समय बिताया, उनके शारीरिक रूप से सक्रिय होने में कमी आई और वजन जरूरत से ज्यादा बढ़ने के मामलों में उछाल आया। यूएन स्वास्थ्य एजेंसी के इस सर्वेक्षण के लिए यूरोपीय क्षेत्र में स्थित 53 सदस्यों में से 17 देशों में 2021 से 2023 के दौरान राय जानने का प्रयास किया गया। 50 हजार से अधिक बच्चों ने इस सर्वेक्षण में हिस्सा लिया।



डब्ल्यूएचओ के अध्ययन के अनुसार वैश्विक महामारी के दौरान निम्न रुझान देखे गए हैं:

- 36 प्रतिशत बच्चों के लिए टेलिविजन देखने, ऑनलाइन गेम खेलने या सप्ताह के दौरान सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के समय में वृद्धि हुई।
- 34 प्रतिशत बच्चों ने सप्ताहांत में मनोरंजन के लिए अपना स्क्रीन टाइम बढ़ाया।
- 28 प्रतिशत बच्चों द्वारा घर से बाहर जाकर बिताए गए समय में गिरावट आई, और 23 फीसदी बच्चों के लिए सप्ताहांत में इसमें कमी देखी गई।
- परिवारों ने बताया कि घर में तैयार भोजन को खाने, परिवार के रूप में एक साथ बैठकर खाने और बच्चों के साथ खाना पकाने में भी स्थिति बेहतर हुई है।
- 42 प्रतिशत बच्चों ने बताया कि वे पहले से कम खुश हैं और उनके कल्याण पर असर हुआ है।
- हर पांच में से एक बच्चा अक्सर दुखी रहने का अनुभव महसूस करता है। हर चार में से एक बच्चा स्वयं को अकेला समझ रहा है।

# फलस्तीन की मांग का भारत ने किया समर्थन

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने एक बार फिर इस्राइल-फलस्तीन विवाद पर भारत का रुख साफ किया और कहा कि 'दो राष्ट्र सिद्धांत ही दोनों देशों के बीच विवाद का समाधान कर सकता है। रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत, दो राष्ट्र सिद्धांत का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। तभी फलस्तीन के लोग सुरक्षित सीमाओं के साथ आजादी से रह सकेंगे। साथ ही इस्राइल की सुरक्षा चिंताओं का भी समाधान हो सकेगा।'



भारत ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिए फलस्तीन की मांग का समर्थन किया है। बता दें कि पिछले महीने अमेरिका ने फलस्तीन की इस मांग का विरोध किया था। रुचिरा कंबोज ने कहा कि 'हमें उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन की सदस्यता पर उचित समय पर पुनर्विचार किया जाएगा और संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनने के फलस्तीन के प्रयास को समर्थन मिलेगा।' गौरतलब है कि साल 1974 में फलस्तीन मुक्ति संगठन को फलस्तीन के लोगों के एकमात्र और वैध प्रतिनिधि के रूप में मान्यता देने वाला भारत पहला गैर अरब देश था।

साल 1988 में भारत ने फलस्तीन को अलग देश की मान्यता दी थी। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए रुचिरा कंबोज ने कहा कि 'भारत के नेतृत्व ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि इस्राइल और फलस्तीन के बीच सीधी और सार्थक बातचीत होनी चाहिए और दोनों देशों में दो राष्ट्र के सिद्धांत से ही शांति आ सकती है।'

# अवैध शरणार्थियों का पहला जत्था रवांडा किया जाएगा रवाना

**लंदन।** ब्रिटेन की संसद ने हाल ही में विवादित रवांडा डिपोर्टेशन विधेयक पारित किया था। ऋषि सुनक ने प्रधानमंत्री बनने से पहले रवांडा पॉलिसी लागू करने का वादा किया था। अब इसी के तहत जुलाई की शुरूआत में ब्रिटेन से अवैध शरणार्थियों के पहले जत्थे को रवांडा भेजना शुरू किया जाएगा। इसके लिए यहां की सरकार ने शरणार्थियों को हिरासत में लिए जाने का काम शुरू कर दिया है।



गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने कहा, 'हमारी प्रवर्तन टीमें उन लोगों को तेजी से हिरासत में लेने के लिए गति से काम कर रही हैं, जिन्हें यहां रहने का कोई अधिकार नहीं है। हिरासत में लेने के बाद इन्हें रवांडा भेजा जाएगा।'

**शरणार्थियों को रोकना सरकार की प्राथमिकता :** बता दें कि हाल के सालों में हजारों की संख्या में लोग गरीबी और युद्ध की मार से परेशान होकर अफ्रीका, मिडिल ईस्ट और एशियाई देशों से ब्रिटेन पहुंचे हैं। ये लोग अपनी जान जोखिम में डाल छोटी-छोटी नौकाओं से इंग्लिश चैनल पार कर ब्रिटेन पहुंचते हैं। इन शरणार्थियों को रोकना ब्रिटेन सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रही है। हालांकि, आलोचकों का कहना है कि शरणार्थियों को रवांडा भेजना अमानवीय है।

# प्रवासियों की बात करते-करते बाइडन ने दिया अटपटा बयान, भारत और जापान की तुलना चीन से की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन अपने बयानों के कारण अक्सर काफी सुर्खियों में रहते हैं। अब एक बार फिर उन्होंने कुछ ऐसा बोल दिया, जिससे विवाद बढ़ सकता है। दरअसल, प्रवासियों का जिक्र करते हुए बाइडन ने भारत-जापान की तुलना चीन से कर दी। उन्होंने कहा कि चीन, भारत और जापान में जेनोफोबिया यानी प्रवासियों के प्रति डर है, इसलिए इन देशों का आर्थिक विकास नहीं हो पा रहा है। साथ ही उन्होंने तर्क दिया कि प्रवासन संयुक्त राज्य अमेरिका की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है।



गौरतलब है, अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। ऐसे में राष्ट्रपति बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ा मुकाबला है। दोनों नेता एक दूसरे से आगे निकलने के लिए एक दूसरे पर वार-पलटवार करते रहते हैं। इस बीच, राष्ट्रपति चुनाव के लिए फंड जुटाने वाले एक कार्यक्रम में बाइडन ने कहा, 'हमारी अर्थव्यवस्था क्यों बढ़ रही है इसका एक कारण आप और कई अन्य लोग हैं।' उन्होंने कहा कि हम इसलिए आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि हम प्रवासियों का स्वागत करते हैं।

### आर्थिक रूप से क्यों पिछड़ रहा चीन

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह क्यों पिछड़ रहा है। जापान को क्यों समस्या हो रही है, रूस और भारत को क्यों हैं, क्योंकि वे जेनोफोबिक हैं। वे प्रवासियों को नहीं चाहते हैं। अप्रवासी ही हमें मजबूत बनाते हैं।'

बाइडन का बयान अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पिछले महीने के पूवार्नुमान को लेकर आया है। दरअसल, आईएमएफ का कहना था कि प्रत्येक देश साल 2023 की तुलना में 2024 में अपनी वृद्धि में गिरावट देखेगा। जापान में 0.9 फीसदी से लेकर भारत में 6.8 फीसदी तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका 2.7 फीसदी की दर से बढ़ेगा, जो 2023 में 2.5 फीसदी से थोड़ा ज्यादा होगा।

### जो बाइडन का आव्रजन पर रुख

कई सर्वेक्षणों से पता चला है कि नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले कई अमेरिकी मतदाताओं के बीच प्रवासन एक बड़ी चिंता का विषय रहा है।

# सोशल मीडिया पोस्ट के लिए महिला फिटनेस इंस्ट्रक्टर को 11 साल की जेल

**दुबई।** मुस्लिम देश सऊदी अरब महिला अधिकारों के दमन को लेकर जाना जाता है। हाल के सालों में महिलाओं के लिए कई सुधार किए हैं। फिर भी काफी हद तक यह देश पीछे ही है। दरअसल, यहां एक 29 साल की फिटनेस इंस्ट्रक्टर को उसके कपड़ों और सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने को लेकर 11 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। हालांकि, इंस्ट्रक्टर के बचाव में मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल उतर आया है। उसने सऊदी अरब से महिला को सजा से रिहा किए जाने को कहा है। साथ ही देश की पुरुष को बढ़ावा देने वाली प्रणाली को खत्म करने का आग्रह किया है।

### सऊदी अरब ने किया इनकार

सऊदी अरब ने संयुक्त राष्ट्र के अधिकार कार्यालय को अपने औपचारिक जवाब में इस बात से इनकार किया कि अल-ओतैबी को सोशल मीडिया पोस्ट के लिए सजा सुनाई गई थी। इसमें कहा गया कि उन्हें आतंकवादी अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था, जिसका उनके विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रयोग या उनके सोशल मीडिया पोस्ट से कोई लेना-देना नहीं है। बताया जा रहा है कि फिटनेस इंस्ट्रक्टर को दोषी ठहराने पर संयुक्त राष्ट्र ने सऊदी अरब की आलोचना की।



### जनवरी में सुनाई गई थी सजा

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुरोध पर सऊदी अरब के औपचारिक जवाब सामने आने पर लंदन स्थित एमनेस्टी ने मंगलवार को कहा कि मनाहेल अल-ओतैबी को जनवरी में सजा सुनाई गई थी ।एमनेस्टी और लंदन स्थित अल-क्यूस्ट का कहना है कि ओतैबी पर आरोप लगाया गया था कि उसने सोशल मीडिया पर पुरुष संरक्षकता को खत्म करें पोस्ट किया और साथ ही उसके वीडियो सामने आए, जिसमें उसने ढंग के कपड़े नहीं पहने थे।

हालांकि, इन सब पर जब एक न्यूज एजेंसी ने सऊदी अरब के अंतरराष्ट्रीय मीडिया कार्यालय से जानकारी लेनी चाहिए, तो सवालों का जवाब नहीं दिया गया।

### ओतैबी की बहन पर भी आरोप

एमनेस्टी के अनुसार, अल-ओतैबी की बहन फौजिया पर भी इसी तरह के आरोप लगाए गए हैं, लेकिन 2022 में पूछताछ के लिए बुलाए जाने के बाद वह सऊदी अरब से भाग गई थी।

# टैल्कम युक्त बेबी पाउडर से कैंसर, देना होगा मुआवजा

**न्यू ब्रांसविक।** जॉनसन एंड जॉनसन (जेएंडजे) के टैल्कम युक्त बेबी पाउडर से ओवेरियन कैंसर के मामलों में समझौते के तहत जेएंडजे की एक सहायक कंपनी एलटीएल मैनेजमेंट 25 वर्षों में करीब 648 करोड़ डॉलर का मुआवजा देगी। जेएंडजे के खिलाफ दायर मुकदमों में आरोप था कि इसके टैल्कम से ओवेरियन व मेसोथेलियोमा कैंसर होता है।



कंपनी ने इन मामलों के निपटारे के लिए एक सहायक कंपनी के पुनर्गठन को कहा। इस बार कंपनी की योजना में 3 माह की आग्रह अवधि रखी गई। इस दौरान ओवेरियन कैंसर के दावेदार योजना के पक्ष-विपक्ष में मत दे सकते हैं। यदि 75% दावेदार पक्ष में हुए, तो एक सहायक कंपनी दिवालियापन दायर कर सकती है। इसके बाद मेसोथेलियोमा के लंबित केस योजना के बाहर निपटाए जाएंगे।

### अदालत के बाहर पीड़ितों से समझौते की इच्छा

कंपनी के खिलाफ 60 हजार से ज्यादा ऐसे केस दर्ज हैं, जिनमें इसके बेबी पाउडर के इस्तेमाल से कैंसर होने का दावा किया गया है। कंपनी इन दावेदारों को भुगतान के लिए अपनी एक सहायक कंपनी को दिवालियापन में ले जाना चाहती है, ताकि अदालत के बाहर पीड़ितों के साथ समझौता कर इस मामले को निपटाया जा सके। हालांकि, कंपनी ने अब तक इस तथ्य को स्वीकार नहीं किया है कि उनके पाउडर में कोई खराबी थी और उससे कैंसर होने के आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

# अमेजन से मेटा तक तकनीकी कंपनियों में एआई निर्माण के लिए मची होड़

**न्यूयॉर्क।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर पूरी दुनिया की दिग्गज तकनीकी कंपनियों में होड़ लगी है। अब ये कंपनियां एक-दूसरे को मात देने के लिए तैयार हो रही है।

माइक्रोसॉफ्ट, मेटा और गूगल की संस्थापक कंपनी अल्फाबेट ने यह खुलासा भी किया कि वर्ष के प्रथम तीन माह में उसने साझा तौर पर 32 अरब डॉलर से अधिक रकम डाटा सेंटर्स और अन्य पूंजीगत व्यय पर खर्च की।

प्रतिस्पर्धा के चलते ये कंपनियां एआई तकनीक के विकास को लेकर बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा, प्रणाली व प्रक्रिया को उन्नत करने की योजनाएं ला रही हैं। यही वजह है कि यदि 2023 तकनीकी उद्योग में चैटबॉट का साल था तो साल 2024 एआई का होने जा रहा है।

उद्योगों में आए एआई बूम के लिए परदे के पीछे की तकनीक पर तेजी से अरबों डॉलर खर्च किए जा रहे हैं। अमेजन और मेटा, एआई के समर्थन के लिए अपने डाटा सेंटर्स को नया रूप दे रहे हैं। ये बड़ी नई सुविधाओं में निवेश कर रहे हैं। वहीं सऊदी अरब एआई के नियंत्रण के लिए सुपरकंप्यूटरर्स बना रहा है। माइक्रोसॉफ्ट, मेटा और गूगल-अल्फाबेट ने निवेशकों से कहा है कि उनकी एआइ खर्च में कमी की कोई योजना नहीं है। स्पष्ट संकेत हैं कि एआई बड़ा तकनीकी बुनियादी ढांचा खड़ा करने जा रहा है।



### क्लाउड कंप्यूटिंग में एआई का बढ़ता योगदान

माइक्रोसॉफ्ट अपने बनाए एआई कारोबार के वित्तीय ब्योरे की रिपोर्ट करने वाली इकलौती मुख्य तकनीकी कंपनी है। सीईओ सत्या नडेला ने कहा, एआई में निवेश माइक्रोसॉफ्ट की मुख्य क्लाउड कंप्यूटिंग पेशकश ह्यएज्योरह्न के लिए के एक ऐसा परिवेश तैयार कर रहा जिससे उसे नए ग्राहकों को आकर्षित करने में मदद मिल रही है। यह किसी भी एआई के लिए सबसे भरोसेमंद और पंसदीदा विकल्प बन गया है। वहीं गूगल का कहना है कि उसके क्लाउड डिवीजन से बिक्री 28% बढ़ी है, जिसमें एआई का बढ़ता योगदान भी शामिल है। अमेजन के सीईओ एंडी जेसी ने भी शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में कहा कि एआई खास है।

# मेक्सिको की खाड़ी में मिला दुनिया का सबसे गहरा ताम जा ब्लू होल, नहीं जा सका है कोई गोताखोर व सबमरीन

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में दुनिया सबसे गहरा ब्लू होल मिला है। यह मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप के चेतुमल खाड़ी में है। इसका नाम है ह्यताम जा ब्लू होलह्न। अभी तक वैज्ञानिक इसकी गहराई नाप नहीं पाए हैं लेकिन शुरूआती गणना के अनुसार ये करीब 1,380 फीट गहरा है और समुद्र के नीचे की सतह में है।

इससे पहले सबसे गहरे गड्ढे का रिकॉर्ड दक्षिणी चीन सागर में मौजूद ड्रैगन होल के नाम था। यह 990 फीट गहरा था। जबकि, ताम जा ब्लू होल चीन के गड्ढे से 390 फीट ज्यादा गहरा है।

पिछले वर्ष छह दिसंबर को गोताखोरों ने इस गड्ढे को ढूंढ निकाला था। इस संबंध में बीते 29 अप्रैल को फ्रंटियर्स इन मरीन साइंस जर्नल में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी। वैज्ञानिकों ने इसकी गहराई नापने के लिए कंडक्टिविटी, टेंपरेचर एंड डेप्थ प्रोफाइलर (सीटीडी) तकनीक का इस्तेमाल किया। इससे समंदर के नीचे की सतह का रियल टाइम डेटा मिलता है।



जिससे पता चलता है कि यह दुनिया का सबसे गहरा ब्लू होल है। जिसकी तलहटी तक अभी कोई गोताखोर या सबमरीन जा नहीं पाई है।

### गड्ढे से कई गुफाएं और सुरंगें भी निकलती हैं

सीटीडी प्रोफाइलर से यह भी पता चला है कि 1,312 फीट की गहराई में इस गड्ढे से कई गुफाएं और सुरंगें भी निकलती हैं। जो आपस में जुड़ी हुई हैं। यहां पर तापमान और सैलिनिटी यानी नमक की मात्रा कैरिबियन सागर की तरह है। ये जमीन के अंदर गड्ढे होते हैं, जो बाद में नीचे सुरंगों का जाल से जुड़े होते हैं या फिर कभी-कभी नहीं भी जुड़े होते।

### असली गहराई तक जाने में लग सकता है समय

इनकी तलहटी में मार्बल, जिप्सम पाया जाता है। ऐसा ही एक बहामास का डीन्स ब्लू होल भी है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, गड्ढे की असली गहराई पता करने में थोड़ा समय और लग सकता है, क्योंकि उनके यंत्र उतनी गहराई तक नहीं जा सकते। सीटीडी प्रोफाइलर 1,640 फीट तक जा सकता है लेकिन पानी में करंट के चलते केबल टूटने का खतरा था। इसलिए उसे 1380 फीट से वापस खींच लिया गया।

# कोलंबिया के राष्ट्रपति ने इस्राइल के साथ तोड़े राजनयिक संबंध, गाजा में जारी हमलों के चलते लिया फैसला

**बोगोटा।** इस्राइल और हमास के बीच युद्ध जारी है। इस बीच कोलंबिया ने इस्राइल के साथ सभी राजनयिक संबंधों को तोड़ दिए हैं। कोलंबिया के राष्ट्रपति ने इसका एलान किया है। बोगोटा में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा कि गाजा के संकट के सामने निष्क्रिय नहीं रह सकते। मेरी घोषणा है कि कल हम इस्राइल के साथ सभी राजनयिक संबंध तोड़ देंगे सिर्फ एक ऐसी सरकार के लिए और एक ऐसे राष्ट्रपति के लिए जो नरसंहारक है।

गौरतलब है कि सात अक्तूबर की सुबह हमास द्वारा करीब 5000 रॉकेट इस्राइली शहरों पर दागे गए थे. जिसके बाद से दोनों पक्षों में युद्ध जारी है। इस्राइल ने इस हमले को आंतकी हमला करार दिया है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कमस खाई है कि वह जब तक हमास को पूर्ण रूप से खत्म नहीं कर देते, तब तक वे युद्ध विराम नहीं करेंगे।



### हमले के यह तीन कारण

हमास ने कहा कि ये यरूशलम में अल-अक्सा मस्जिद को इस्राइल की तरफ से अपवित्र करने का बदला है। हमास ने कहा कि इस्राइली पुलिस ने अप्रैल 2023 में अल-अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंक इसे अपवित्र किया था। इस्राइली सेना लगातार हमास के ठिकानों पर हमले कर रही है और अतिक्रमण कर रही है। इस्राइली सेना हमारी महिलाओं पर हमले कर रही है। हमास के प्रवक्ता गाजी हमाद ने अरब देशों से अपील है कि इस्राइल के साथ अपने सभी रिश्तों को तोड़ दें। हमाद ने कहा कि इस्राइल एक अच्छा पड़ोसी और शांत देश कभी नहीं हो सकता है।

### कोलंबिया ने अतंरराष्ट्रीय अदालत का किया था रुख

कोलंबियाई सरकार ने इस्राइल पर नरसंहार का आरोप लगाते हुए अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (क्ळख) में एक मामले में शामिल होने का अनुरोध किया था। कोलंबिया ने कहा था कि इस कदम का उद्देश्य गाजा में महिलाओं, बच्चों, विकलांगों और बुजुर्गों जैसी कमजोर आबादी की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अदालत ने जनवरी में फैसला सुनाया कि फिलिस्तीनियों को गाजा में नरसंहार के संभावित खतरे का सामना करना पड़ा और इस्राइल को ऐसे कृत्यों को रोकने का आदेश दिया।

# प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने स्टार प्रचारक की भूमिका में रहकर प्रत्याशियों में भरा जोश

## ठाकुर विश्वदीप सिंह और प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल के लिए मांगे वोट





**आगरा,करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री एवं लोकसभा चुनाव के स्टार प्रचारक नरेंद्र कश्यप निरंतर फिरोजाबाद , आगरा और मैनपुरी में पार्टी प्रत्याशियों के लिए वोट मांग रहे हैं। गुरुवार को वह सुबह पहले मैनपुरी पहुंचे, बाद में शिकोहाबाद जनपद के फिरोजाबाद में भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा सामाजिक बैठक में उपस्थिति दर्ज कराई। यहां संयोजक नंदकिशोर कश्यप जिला अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रेम किशोर और जिला और महानगर भारतीय जनता पार्टी जनपद फिरोजाबाद सुशील यादव के साथ लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति बनाई।

**पार्टी पदाधिकारियों के साथ किया दोपहर का भोजन :** स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप इन दिनों स्टार प्रचारक की भूमिका में हैं। उन्होंने जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जनपद फिरोजाबाद के आवास पर दोपहर का भोजन किया और राजनीतिक चर्चा की। साथ ही यहां भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा सामाजिक बैठक में भी उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित किया। संयोजक के रूप में ओबीसी मोर्चा मंडल महामंत्री विश्वनाथ कश्यप से भी मुलाकात की।

फिरोजाबाद से ठाकुर विश्वदीप सिंह और आगरा से प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल की होगी जीत नरेंद्र कश्यप ने दावा किया है कि फिरोजाबाद से प्रत्याशी ठाकुर विश्व दीप सिंह व आगरा से प्रत्याशी प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल की लोकसभा चुनाव में भारी मतों से जीत होगी और वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत बनाने के लिए जनता से वोट भी करवाएंगे।

### आगरा और फिरोजाबाद के कार्यकर्ता सम्मेलन में हुए शरीक

**करंट क्राइम।** स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने महाराजा अग्रसेन भवन लोहा मंडी जयपुर हाउस जनपद आगरा में भारतीय जनता पार्टी आगरा द्वारा प्रत्याशी प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल के समर्थन में आयोजित सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। यहां उन्होंने एसपी सिंह बघेल के लिए वोट मांगे। कार्यक्रम में संयोजक जिला अध्यक्ष महानगर भारतीय जनता पार्टी जनपद आगरा नवनीत प्रजापति, जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा आगरा कप्तान सिंह कुशवाहा, जिला अध्यक्ष महानगर भारतीय जनता पार्टी आगरा भानु महाजन उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने फसलों का वित्तीय मान निर्धारित किया



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी सभागार में पूर्व निर्धारित वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न फसलों के वित्तमान निर्धारण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजित की गई।

बैठक मे जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों से वित्तमान निर्धारण के सम्बन्ध में विचार विमर्श कर फसलों का वित्तीय मान निर्धारण किया। बैठक में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अपर जिला कृषि अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, अग्रणी जिला बैंक प्रबन्धक, प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक, सहायक निदेशक मत्स्य, जिला उद्यान अधिकारी, महा प्रबन्धक जिला सहकारी बैंक, प्रबन्धक यू०पी०ग्रामीण बैंक, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता एवं जिला सूचना अधिकारी शामिल रहे।

## कार्यालय प्रबंधन प्रशिक्षण 16 मई को

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** कचहरी परिसर स्थित सेवायोजना कार्यालय के शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में आगामी 16 मई को सामान्य ज्ञान, हिन्दी भाषा,कम्प्यूटर एवं आशुलिपि का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा।

जिला रोजगार सहायता अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक आवेदक की उम्र 18 से 35 वर्ष, हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय समेत समस्त डाक्यूमेंट के साथ 14 मई तक सेवायोजन कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

# महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष ने रेवन्ना के खिलाफ कार्रवाई की मांग की



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष संगीता त्यागी ने राष्ट्रपति को सम्बाधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देकर कर्नाटक सैक्स स्कैंडल में फंसे जनता दल सेक्युलर पार्टी के सांसद प्रज्जवल रेवन्ना तथा उनके पिता एचडी रेवन्ना तत्काल कार्रवाई करते हुए शिकायत दर्ज कराने वाली महिलाओं के लिए सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। संगीता त्यागी ने ज्ञापन में कहा है कि उनके संज्ञान में एक पेनड्राइव है,जिसमें कथित तौर पर जारी किये गये वीडियो में सभी उम्र की पांच सौ से अधिक महिलाओं का यौन शौषण करने और उन्हें परेशान करके मानसिक सुख को प्राप्त करना है जो गंभीर अपराध है।

# भाजपा नेत्री के पति पर हमले की थ्योरी पुलिस ने कर दी फेल

## मामले को पुलिस ने जांच के बाद माना संदिग्ध



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** थाना कौशाम्बी के वैशाली में रहने वाली भाजपा नेत्री के पति पर गुरुवार सुबह उनके घर पर पहुंचे कुछ अज्ञात लोगों ने हमला कर उन्हें मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया था। इस मामले का भाजपा नेत्री सिद्धि प्रधान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जिसमें उन्होंने कहा कि आज सुबह लगभग 9.30 उनके पति अमित अग्रवाल जोकि पेशे से सीए है वे वैशाली स्थित कावेरी सोसाइटी स्थित घर पर थे इस दौरान कुछ अज्ञात लोग उनके घर पर आये जिन्होंने घर की घण्टी बजाई। इस पर जब उनके पति घर से बाहर आये तो उन पर पेट्रोल की बोतल फेंक कर आग लगाने की कोशिश की और उसके बाद उनके साथ मारपीट की गई। इस घटना के बाद भाजपा नेत्री का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा जिसमें वे लोगों से अपने पति की मदद की अपील करती नजर आई। उन्होंने कहा कि वह पिछले 6 दिनों से अपनी माता और पिता के घर मध्यप्रदेश थीं । एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने कहा वैशाली सेक्टर 5 स्थित भाजपा अभिनेत्री के पति को किसी ने पेट्रोल छिड़कने की घटना की जानकारी मिली। मौके पर पुलिस पहुंची तो पुलिस को कोई सीसीटीवी में किसी भी तरह की कोई घटना नही मिली। वहीं सोसायटी के गार्ड से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि कोई शंकालु व्यक्ति सोसाइटी में नहीं दिखाई दिया ना ही सीसीटीवी में कोई संधिग्ध व्यक्ति दिखाई दे रहा है।

उन्होंने बताया कि 2022 में मारपीट को लेकर मुकदमा चल रहा है, उसी की गुरुवार को कोर्ट में पेशी थी। उधर इस पूरे मामले में पुलिस ने पीड़िता के आरोपों पर बाइट जारी करते हुए हमले की थ्योरी पर सवाल उठाएं हैं। वहीं एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह का कहना है पूरे मामले की जांच व सीसीटीवी के सबूत बता रहे हैं कि मामला संदिग्ध हैं। कैमरों में किसी के आने जाने का कोई सूबत नहीं मिला है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित को घायल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

# वॉलीबॉल टूर्नामेंट में नेशनल पब्लिक स्कूल की टीम ने मारी बाजी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** हिंडन एयर फोर्स स्कूल में चल रहे पहले अंतर स्कूल वॉलीबॉल टूनामेंट में नेशनल पब्लिक स्कूल राजेंद्र नगर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नेशनल पब्लिक स्कूल की टीम ने सेमीफाइनल मुकाबले में डीएलएफ पब्लिक स्कूल की टीम को 25 - 16 , 25 -13 सीधे सेटों में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच नेशनल पब्लिक स्कूल राजेंद्र नगर और होस्ट टीम इंडियन एयर फोर्स के बीच खेला गया। उस मैच में कड़े मुकाबले में 25- 13, 19 -25 और 25- 16 से नेशनल पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर नेशनल पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रीना शर्मा, अध्यक्ष शांतनु शर्मा व प्रियांशु शर्मा ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर स्कूल के शारीरिक शिक्षक संदीप नागर, वॉलीबॉल कोच पंकज कुमार ,अभिषेक, सुषमा सिंह राठौड़ परविंद कुमार और प्रीति, सूरज आदि उपस्थित रहे।

# दस हजार के ईनामी बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन पुलिस थाना क्षेत्र पिछले काफी समय से वांछित चल रहे दस हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान इमराज उर्फ इमरान निवासी भजनपुरा दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार आरोपी को ग्राम उजुनिया पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी इमराज के विरुद्ध थाना टीलामोड़ पर गैंगस्टर एक्ट, आयुध अधिनियम व डकैती से सम्बन्धित तीन मामले दर्ज है। साथ ही आरोपी गैंगस्टर एक्ट में थाना टीलामोड से वांछित था ।

फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# श्रीराम कथा में रामजन्म व बाल लीला का किया वर्णन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** चन्द्रनगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर की ओर से चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा में राम जन्म व बाल लीलाओं की कथा सुनाई गई। कार्यक्रम के दौरान रीता सिंह के निर्देशन में बच्चों द्वारा राम जन्म की मनमोहक झांकियां दिखाई गई।

कथा वाचक पंडित गोडेश्वर मुंकुद महाराज ने बताया कि अयोध्या नरेश राजा दशरथ द्वारा पुत्रेष्ठी यज्ञ करवाने के बाद विष्णु भगवान प्रकट हुए और उन्होंने माता कौशल्या को चतुभुर्जी रूप दिखाकर बताया कि वे शीघ्र ही आपके गर्भ से मनुष्य अवतार लेकर आएंगे। पुत्रेष्ठी यज्ञ का प्रसाद ग्रहण करने के बाद माता कौशल्या को राम, सुमित्रा को लक्ष्मण तथा कैकई को भरत और शत्रुघ्न पैदा हुए। पूरी अयोध्या को सजाकर खुशियां मनाई गई और घर-घर दीपक जलाए गए। रामजन्म के अतिरिक्त प्रभु राम की बाल लीलाओं व कागभुशुण्डि पर राम कृपा आदि अनेक प्रसंग भी सुनाए।

रीता सिंह ने बताया कथा में भक्त भी भक्ति में सराबोर हो खुब झूमें हमारी छोटी बहन आगरा की सीओ लक्ष्मी चौहान ने भी पूरी राम जन्म कथा का श्रवण किया। इस दौरान अनुपमा श्री वास्तव कौशिल्या और रागिनी शर्मा राजा दसरथ बनें।

इस अवसर पर रीता सिँह, लक्ष्मी शर्मा, रचना अग्रवाल, पूनम शर्मा ,राजेश शर्मा,वरमा अग्रवाल, विशंभर श्रीवास्तव, अनुपम श्रीवास्तव अनिल अग्रवाल बंसल जी हरिमोहन भटनागर के एन अग्रवाल पीएम पांडे रजनी, गोविंद नयन बाला, दीपा श्रीवास्तव, मीनू खनेजा, पूनम शर्मा, अनिल अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण बंसल आदि लोग मौजूद रहे।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के किस पूर्व मंडल अध्यक्ष ने कर लिया 8 जी ग्रुप का निर्माण? सुना है इस व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल हैं पुराने पदाधिकारी? लगते है इस ग्रुप पर चर्चा के मेले? कहने वाले ने कहा कि ये सभी है पुराने मंडल अध्यक्ष के चेले?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब आया है वैशाली में प्रधान वाले मामले का तूफान? सुना है एक पूरा मंडल गया था सरकारी अस्पताल में पूछने उनका हाल चाल? 30 लोगो की टीम को लगी इस बात पर ठेस? हम तो आए हैं हाल पूछने और ये बात भी नहीं कर रहे राइट फेस? क्या कह दिया फूल वाले ने ऑन द स्पॉट? लग रहा है मामला पूरा ही डाउट? हमे अब हो लेना चाहिए यहां से आउट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बाटेंगे एक मीडिया प्रभारी लड्डू बहुत मात्रा में भारी? सुना है मीडिया प्रभारी ने कर दी है इस बात की जुबानी घोषणा जारी? कह दिया जितनी सीटें जीतेगी भाजपा उतने किलो लड्डू का बाटूंगा प्रसाद? जिसे भी लड्डू खाने है उन्हे करना होगा 4 जून का इंतजार? कहने वाले ने कहा इसे कहते हैं दिलदारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वसुंधरा वाले भगवा ठाकुर ने कर दिया दूसरे ठाकुर को लेकर एलान? कहां वो चुनाव तो लड़ रहे हैं लेकिन जमानत भी बचा ले तो गनीमत? भगवा ठाकुर ने कहा ये है भगवा सैलाब और बह जायेंगे इसमें कई ठाकुर साहब? उन्हे रहना चाहिए था पार्टी के प्रति लॉयल? वो चुनाव के बाद खुद को फील करेंगे एकदम घायल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** 10 मई को बढ़ जायेगा जिला गाजियाबाद का तापमान? साहब का इस दिन हैप्पी बर्थडे और वो काटेंगे गाजियाबाद में केक? क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार देखी जायेगी सियासी वफादारी? वो तो आयेंगे लेकिन देखना ये है कि बधाई देने कौन कौन जायेंगे? सुना है बर्थडे की आहट से ही कर दिया है कई ने अपना रूट ही डायवर्ट? वो मिलेंगे लखनऊ में और फोन पर ही देंगे बधाई?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग भी फेस टू फेस नही दे पाएंगे 10 मई को जनरली उन्हे जन्मदिन की बधाई? उनकी ड्यूटी पहले ही संगठन ने चंडीगढ़ में है लगाई? क्या वो देंगे फोन पर शुभकामनाएं बधाई?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शहर विधायक वाले फ्रेम में क्या चलेगा इस बार किसी नए फेस का भी नाम? क्यों कहा कहने वाले ने वैश्य लाबी के पास नही रहेगी इस वाले भगवा टिकट की चाबी? कहने वाले ने कहा कि यहां सीन में आएगा नाटकीय मोड़? जो नाम सबसे ज्यादा चर्चा में रहेगा उसे ही देंगे वो पर्चा दाखिल करने के समय छोड़?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाथ वालों के यहां इंटरनली नही चल रहा है सीन शांत? कहने वाले ने कहा कि चुनाव के बाद एक चेहरे का हो सकता है पत्ता साफ? सुना है एक दूसरे पर हुई है लिखित में आरोपों की बरसात? कहने वाले ने कहा कि उठ सकता है वो गाली गलौज वाला भी मामला? सुना है इस बार बड़े खिलाड़ी को हो रही है पैवेलियन में बिठाने की तैयारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नीले खेमे में लगाया जा रहा है संभावित वोटो का अनुमान? कहने वाले ने कहा कि ठाकुर का कुछ नहीं बिगड़ेगा और महावतो पर गाज गिरेगी श्रीमान? वो तो चुनाव लड़ने आए थे लेकिन महावतों को तो मजबूती से लड़ाना था चुनाव?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शुक्ला जी वाला सीन हो सकता है शहर विधानसभा चुनाव में रिपीट? एक दावेदार ने साधा है नीले महावत से संपर्क? दावेदार की बात में दिखाई दे रहा है फुल चुनावी तर्क? उसने कहा देंगे कि कब तक करेंगे इंतजार? बहुत हो गई वफा अब इस पार या उस पार? अभी केसरिया नेता की हुई है नीले महावत से पहली मुलाकात? अभी तो कहानी में ट्विस्ट आना बाकी है?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र मित्तल और मनीषा मित्तल के लिए ये पल अनमोल हैं। दोनों ने एक दूसरे का हाथ थाम कर जीवन साथी के रूप में यात्रा शुरू की। आज प्रभु की कृपा से भरा पूरा परिवार है। मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को पूरे परिवार ने सेलिब्रेट किया। पुत्र अनुज मित्तल पुत्रवधु सुरभि मित्तल, पुत्री परिषा अग्रवाल, दामाद विशाल अग्रवाल ने बधाई शुभकामनाएं दी। खुशियों भरी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।